RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः18 , शनिवार, 28 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


फाइलेरिया उन्मूलन अभियानः स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों को खिलाई गई दवा 03


अरेराज में 'आशीष कम्युनिकेशन' इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का हुआ उद्घाटन 04

ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज... 07

## कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप, 5.4 तीव्रता

- तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं, लोग सड़कों पर निकले; बांग्लादेश के ढाका में था केंद्र

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई।



पश्चिम बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किलोमीटर बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए।

कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। कई इमारतों में बंद पड़े सीलिंग फैन तक हिलते नजर आए। कुछ पुराने मकानों के झुकने की भी खबर सामने आई है। हालांकि अब तक बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।

## चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने चुनाव को तमिलनाडु की शान बताया

- कहा- पूरे राज्य में 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, एसआईआर के बाद 5.67 करोड़ वोटर बचे

**चेन्नई (एजेंसी)।** चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चुनावी प्रक्रिया को तमिलनाडु की शान बताया। उन्होंने शुक्रवार को चेन्नई में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीईसी ने राज्य के



सभी वोटरों से आने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराया गया है। इसके बाद वर्तमान में यहां 5 करोड़ 67 लाख वोटर हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में लगभग 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 44,000 ग्रामीण इलाकों में होंगे। ट्रांसपेरेंसी पक्का करने के लिए हर पोलिंग बूथ पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी।

युद्धाभ्यास वायु शक्ति 2026

# महिला फाइटर अवनि ने सुखोई से डॉग फाइट दिखाई

- जगुआर-मिराज ने दुश्मन के रनवे-हैंगर को उड़ाया,प्रचंड ने 48 रॉकेट दागे

**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर के पोकरण में शुक्रवार शाम युद्धाभ्यास वायु शक्ति 2026 का सुपर सोनिक बूम के साथ आगाज हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के पूरे दृश्य को दिखाया गया। ऑपरेशन सिंदूर की तरह जगुआर और मिराज ने दुश्मन के रनवे और हैंगर को उड़ाया। ये बिल्कुल वैसा ही था-जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जगुआर और मिराज ने एक साथ रनवे और हैंगर को उड़ाया था। एयरफोर्स की महिला फाइटर पायलट अवनि चतुर्वेदी ने सुखोई एमकेआई 30 विमान से डॉग फाइट दिखाई। सुखोई ने जगुआर विमान के साथ डॉग फाइट किया। सिमुलेटेड टारगेट हिट किया। इस अभ्यास को देखने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी यहां पहुंची हैं। जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनकी अगवानी की।



## फाइटर हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरने वाली मुर्मू पहली राष्ट्रपति

*कॉकपिट से देश को मैसेज-वीर सैनिकों को गर्व के साथ धन्यवाद, जय हिंद, जय भारत*

**जैसलमेर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड में उड़ान भरी। वे हेलिकॉप्टर प्रचंड में बतौर को-पायलट उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति हैं। राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर के कॉकपिट से सैल्यूट किया। राष्ट्रपति मुर्मू इससे पहले लड़ाकू विमान सुखोई और राफेल में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनी थीं। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह करीब 9 :15 बजे जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पहुंची थीं। सेना के अधिकारियों ने उन्हें हेलिकॉप्टर के बारे में ब्रीफिंग दी। इसके बाद राष्ट्रपति हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में बैठीं। फिर सुबह करीब 10.15 बजे ग्रुप कैप्टन एन.एस. बहुआ के साथ हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। हेलिकॉप्टर में 25 मिनट उड़ान के दौरान राष्ट्रपति ने सीमावर्ती क्षेत्रों और पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का हवाई जायजा लिया।





दिल्ली शराब घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने

# पूर्व सीएम केजरीवाल सहित 23 बरी

- फैसले को चुनौती देगी सीबीआई
- फैसले के बाद केजरीवाल रोते हुए बोले- जिंदगीभर ईमानदारी कमाई

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को बहुचर्चित आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कई अन्य को आरोप मुक्त कर दिया है। हालांकि अरविंद केजरीवाल को अभी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोई राहत नहीं मिली है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि प्रथम दृश्य कोई भी आपराधिक षड्यंत्र नहीं मिला है। कोर्ट सीबीआई मामले में सुनवाई कर रही थी। उधर, सीबीआई सूत्र के मुताबिक, सीबीआई इस फैसले को चुनौती देने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट






जाएगी। कोर्ट के बाहर केजरीवाल ने मीडिया से बात की, इस दौरान वे रोने लगे, उन्होंने कहा पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बीजेपी शराब घोटाला, शराब घोटाला कर रही थी। हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी। आज कोर्ट ने सारे आरोप खारिज कर दिए और हम सबको डिस्चार्ज कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है।

### झूठे केस करना उन्हें जेल में डालना ये प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता

उन्होंने कहा मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार है, आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार है। मैं प्रधानमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि सत्ता के लिए इस तरह से खिलवाड़ मत कीजिए देश के साथ। इस तरह से संविधान के साथ खिलवाड़ मत कीजिए। आपको सत्ता चाहिए, अच्छे काम कीजिए। आज देश के सामने कितनी बड़ी समस्याएं हैं। महंगाई है, बेरोजगारी है, पूरे देश में सड़कें टूटी पड़ी हैं, चारों तरफ पॉल्यूशन ही पॉल्यूशन है, चारों तरफ देश में इतनी समस्याएं हैं उनका समाधान करके सत्ता में आइए न। केजरीवाल पर आम आदमी पर्टी पर झूठे केस क्यों करते हैं। अच्छा काम करके सत्ता में आइए। इस तरह के झूठे केस करना और चौबीस घंटे विपक्षियों पर ऊटपटांग झूठे केस करना उन्हें जेल में डालना ये प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता।


### सीबीआई ने कहा- दिल्ली हाईकोर्ट में अपील करेंगे

आबकारी नीति मामले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को बरी किए जाने पर सीबीआई ने कहा- जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

### 23 लोगों के नाम

अरविंद केजरीवाल,मनीष सिसोदिया,के. कविता,दुर्गेश पाठक,कुलदीप सिंह,नरेंद्र सिंह,विजय नायर,अभिषेक बोइनपल्ली,अरुण पिल्लई,मूथा गौतम,समीर महेंद्रू,अमनदीप सिंह ढल,अर्जुन पांडे,बुचिबाबू गोरंतला,राजेश जोशी,दामोदर प्रसाद शर्मा,प्रिंस कुमार, अरविंद कुमार सिंह,चनप्रीत सिंह,अमित अरोरा, विनोद चौहान,आशीष चंद माथुर,शरत रेड्डी।

## शंकराचार्य की अर्जी पर फैसला सुरक्षित, गिरफ्तारी पर रोक, पुलिस को पूछताछ की छूट



**इलाहाबाद (एजेंसी)।** प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज कथित यौन उत्पीड़न मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से फिलहाल बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने अपने चेंबर में केस से जुड़े वकीलों को बताया कि अगली सुनवाई तक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद, दोनों की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी। अदालत का विस्तृत आदेश रात तक हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हो सकता है। इसी आदेश में यह भी उल्लेख होगा कि मार्च के तीसरे सप्ताह में अगली सुनवाई किस तारीख को होगी। तब तक दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई गिरफ्तारी नहीं की जाएगी, हालांकि पुलिस चाहे तो पूछताछ कर सकती है और शंकराचार्य को जांच में पूरा सहयोग करना होगा।

## जेएनयू में बवाल के बीच फैकल्टी सदस्यों ने खोला मोर्चा

### प्रोफेसर क्रिस्टु दास का आमरण अनशन शुरू

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में बृहस्पतिवार को हुए बवाल के बाद छात्र संघ और शिक्षक संघ के खिलाफ अब फैकल्टी सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। स्कूलों की तालाबंदी, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित करने, तोड़फोड़ और हंगामे के विरोध में जेएनयू ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने जेएनयू परिसर के साबरमती टी प्वाइंट पर आमरण अनशन बैठ गए है। प्रोफेसर के समर्थन में कई दूसरे फैकल्टी सदस्य और छात्र भी समर्थन के लिए मैदान में उतरे है।



जेएनयू प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने कहा कि यहां तीन अलग-अलग भूमिकाओं में आमरण अनशन पर बैठा हूं। पहला जेएनयू में इतिहास के पूर्व छात्र के तौर पर, दूसरा राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक के रूप में और तीसरा संकाय सदस्य के रूप में आमरण अनशन कर रहा हूं। परिसर में चल रही घटनाओं से सभी अवगत है। लाइब्रेरी में तोड़फोड़, उसके बाद छात्र संघ पदाधिकारियों के निष्कासन और फिर छात्र संघों ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। विश्वविद्यालय में हड़ताल के नाम पर कक्षाओं में जबरन ताला लगाकर जेएनयू छात्र के पदाधिकारी जेएनयू शिक्षक संघ के समर्थन से तोड़फोड़ और गुंडागर्दी कर रहे हैं।

## बालोतरा में ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस, 6 की मौत

- दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए

**बालोतरा (एजेंसी)।** बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव में नेशनल हाईवे-25 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। स्लीपर बस ओवरटेक के दौरान सामने से आए ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौक पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का ड्राइवर साइड की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में से शव लटके नजर आए। 3 और 6 साल के दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

# इंदौर में जहरीली गैस फैली 5 की तबीयत बिगड़ी

### लोगों को सांस लेने में परेशानी, उल्टियां हुईं; घरों से बाहर निकले

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात अमोनिया गैस के रिसाव से इलाके में हड़कंप मच गया। गैस के असर से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद दो महिलाओं समेत पांच लोगों को एहतियातन अस्पताल भेजा गया। प्रशासन के मुताबिक सभी की हालत स्थिर है और कोई भी गंभीर नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसनी ने बताया कि पांचों की हालत ठीक है।

डीसीपी आनंद कालादगी ने बताया कि ककतपुरा पुल के नीचे शहजाद नाम के एक कबाड़ी द्वारा सिलेंडर काटा जा रहा था। इसी दौरान उसमें से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस फैलते ही आसपास मौजूद लोगों को घबराहट और सांस लेने में परेशानी महसूस होने लगी।

डीसीपी ने स्पष्ट किया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से प्रभावित नहीं हुआ है। सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस ने कबाड़ी शहजाद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।



**कबाड़ी दुकान में गैस सिलेंडर काटा जा रहा था-** एक कबाड़ी की दुकान पर गैस से भरा सिलेंडर लाया गया था। बताया जा रहा है कि कबाड़ी सिलेंडर को काट रहा था, उसी दौरान उसमें भरी गैस रिसने लगी। गैस फैलते ही आसपास के लोगों को घबराहट और सांस लेने में परेशानी होने लगी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कबाड़ी को हिरासत में ले लिया। दमकल विभाग की टीम ने सिलेंडर को अपने कब्जे में लेकर मौके से हटाया।

# पीएम मोदी की आज अजमेर में सभा

- बच्चियों में होने वाले कैंसर के रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत करेंगे

**अजमेर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अजमेर पहुंचेंगे। कायड़ विश्रामस्थली में पीएम की सभा आयोजित होगी। सभास्थल पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही 5 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभा स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है।

जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। इस दौरान नेशनल हाईवे-8 पर किशनगढ़ से अजमेर के बीच 28 फरवरी को सुबह 6 बजे से भारी वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा।

जानकारी अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 11 बजे अजमेर पहुंचेंगे। कायड़ विश्रामस्थली के पास बने हैलीपैड पर भाजपा नेताओं की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। पीएम हेलीपैड पर उतरने के बाद 9 से 14 साल तक की बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके बाद मंच पर पहुंचेंगे। यहां 16600 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। 21000 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए जाएंगे। इसके बाद नरेंद्र मोदी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्पीकर वासुदेव देवनानी सहित कई मंत्री और नेता शामिल होंगे।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने युद्ध की औपचारिक घोषणा की

- परमाणु ठिकाने और पीएम हाउस तक पहुंचे तालिबान ड्रोन,आर्मी कैंप को उड़ाया
- 55 पाकिस्तानी सैनिकों और एक जेट गिराने का दावा

**काबुल/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान के खिलाफ युद्ध की औपचारिक घोषणा कर दी है। लेकिन इस पर भी खुद उन्हीं को मुंह की खानी पड़ी है। क्योंकि अफगानिस्तान के तालिबान लड़ाकों ने अब पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में घुसकर भीषण हमला कर डाला है। इस्लामाबाद में मौजूद पाकिस्तानी मिलिट्री बेस पर ड्रोन से हमला किया गया। इस ड्रोन हमले में बम से अटैक किया गया। उसमें हुए नुकसान की अभी जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन इससे कम से कम पाकिस्तान की पोल खुल गई, जो चीन से मिले अपने एयर डिफेंस सिस्टम पर बड़ा गुमान किया करता था। पाकिस्तानी सेना तालिबान के हाथों बुरी तरह से पिटती हुई नजर आ रही है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग के हालात बन गए हैं। पाक एयरफोर्स ने एक बार फिर अफगानिस्तान में



कई प्रांतों में एयरस्ट्राइक की है। दूसरी तरफ तालिबान ने भी इस्लमाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम मिलिट्री बेस को निशाना बनाने का दावा किया है। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात पाकिस्तान पर अफगानिस्तान के हमले से हुई। यह हमला 22 फरवरी को अफगानिस्तान में पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में किया गया।

टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने इस हमले में 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा किया। इस हमले के जवाब में पाक सरकार ने ऑपरेशन गजब लिल हक शुरू किया और काबुल, नंगरहार, पक्तिका, पक्तिया, लगमान, खोस्त प्रांत समेत कई शहरों में एयरस्ट्राइक की। इस एयरस्ट्राइक में पाकिस्तान ने 133 अफगान लड़ाकों को मारने का दावा किया। दोनों के बीच संघर्ष में करीब 200 लोगों के मारे जाने की खबर है।

### दावा-

- **तालिबानी लड़ाकों ने पाकिस्तानी जेट गिराया-** अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। पाक रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधानसभा में धर्म परिवर्तन पर कड़े कानून की मांग, सरकार ने फिलहाल प्रस्ताव से किया इनकार

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में धर्म परिवर्तन को लेकर कड़ा कानून बनाने की मांग उठी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सत्तापक्ष के कई विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए राज्य में धर्मांतरण पर नियंत्रण के लिए सख्त कानून लागू करने की मांग की। इस मुद्दे को उठाने वालों में मिथिलेश तिवारी, वीरेंद्र कुमार जनक सिंह, संजय कुमार सिंह, जीवेश कुमार मिश्रा सहित कुल 18 विधायक शामिल थे। सदस्यों ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून लागू हैं, जहां धोखाधड़ी, प्रलोभन या बाल विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने पर कठोर सजा का प्रावधान है। विधायकों ने दावा किया कि बिहार में ईसाई और मुस्लिम आबादी में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है तथा राज्य में बड़ी संख्या में चर्च स्थापित हुए हैं। सीमावर्ती जिलों में जनसंख्या संरचना में बदलाव की बात कहते हुए उन्होंने धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर चिंता जताई और कहौ कि बिहार में 5000 से अधिक चर्च की स्थापना हो चुकी है। ईसाइयों का राष्ट्रीय स्तर पर ग्रोथ रेट 15.5 प्रतिशत है, जबकि बिहार में 143.23 प्रतिशत है। भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बक्सर जिले में बड़ी संख्या में (लगभग 1000) दलित परिवारों ने धर्म परिवर्तन किया है तथा सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों (कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया) का डेमोग्राफी चेंज हो गया है। इसलिए इस कानून की जरूरत है, सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जाले से भाजपा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा ने धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण लाभ मिलने के मुद्दे को उठाते हुए इस पर स्पष्ट कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता बताई। वहीं विधायक संजय सिंह ने धर्मांतरण को गंभीर राष्ट्रीय विषय बताते हुए कड़े कानून की मांग दोहराई।

हालांकि, सरकार की ओर से जवाब देते हुए पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि फिलहाल राज्य सरकार के पास धर्म परिवर्तन को लेकर कोई नया कानून लाने का प्रस्ताव नहीं है। मंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि विषय को नियमन दे दिया गया है और सरकार आवश्यकता अनुसार इसकी समीक्षा करेगी।

### बकरी चराने को लेकर 2 पक्षों में मारपीट, खेत में बकरियों के जाने पर लड़कों ने किया गाली-गलौज

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के करियो गांव में बकरी चराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए महुआ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब जेनाराम की बेटी शाम को अपनी बकरियां चराकर घर लौट रही थी। इसी दौरान पप्पू सिंह के बेटे ने कुछ अन्य लड़कों के साथ मिलकर विरोध किया कि बकरियां उसके खेत में क्यों आईं। जेनाराम की पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि पप्पू सिंह के बेटे ने पहले गाली-गलौज की। जब उनके पति और परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई।



घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाने की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि यह एक मामूली विवाद था, जो बकरी के खेत में चले जाने के कारण हुआ और मारपीट में बदल गया। एसडीपीओ संजीव कुमार ने पुष्टि की कि पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया है और घायलों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। दोनों पक्ष से कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

### स्कूल में लगे ठुमके, नेम बोर्ड को पेपर से ढका, शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने ताला तोड़कर कैंपस में करवाया आर्केस्ट्रा

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरलिया चक में स्कूल परिसर के भीतर एक आपत्तिजनक नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम स्कूल की शिक्षा समिति के अध्यक्ष मलाई सिंह की बेटी की शादी के अवसर पर आयोजित किया गया था। वायरल वीडियो में स्कूल परिसर में मंच बनाकर तेज ध्वनि में बज रहे गानों पर नर्तकियों द्वारा भड़काऊ अंदाज में प्रस्तुति देते हुए देखा जा सकता है। कार्यक्रम देर रात तक चलने की बात भी सामने आ रही है। स्कूल के सहायक शिक्षक संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष मलाई सिंह ने विद्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़कर परिसर में स्टेज कार्यक्रम का आयोजन कराया। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल के नाम और शिक्षा समिति से संबंधित लिखे गए स्लोगन को कार्यक्रम के दौरान कागज से ढक दिया गया था, ताकि पहचान छिपाई जा सके।' इस संबंध में सदर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यालय की ओर से अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की प्रारंभिक जांच कर रही है। घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षक सार्वजनिक रूप से कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। वहीं, जब इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी और वे मामले की जानकारी जुटा रहे हैं। स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी निजी समारोह के लिए सरकारी विद्यालय परिसर का इस तरह उपयोग किया जा सकता है? साथ ही, यदि आरोप सही हैं तो जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होगी। इस संबंध में वैशाली जिलाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके पर्सनल ओएसडी के द्वारा बताया गया कि इसकी जानकारी प्राप्त नहीं है प्राप्त की जा रही है।



### एलएस कॉलेज मैदान में अज्ञात शव मिला, मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने देखा शव

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के लंगट सिंह कॉलेज (एलएस कॉलेज) के खेल मैदान में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने मैदान के एक छोर पर व्यक्ति को बेसुध पड़ा देखा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले उन्हें लगा कि कोई सो रहा है, लेकिन पास जाकर आवाज देने और हिलाने पर कोई हलचल नहीं हुई, जिससे अनहोनी की आशंका हुई। तत्काल इसकी सूचना यूनिवर्सिटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल पर ही जांच कर उसके मृत होने की पुष्टि की। मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक की पहचान के काफी प्रयास किए हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने आसपास के लोगों और कॉलेज प्रशासन से भी पूछताछ की है। मामले की आगे की जांच जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चलेगा नगर डीएसपी सुरेश कुमार ने बताया कि 'यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित एलएस कॉलेज मैदान में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक की शिनाख्त की कोशिशें जारी हैं।' पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस की टीम कॉलेज कैंपस और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि मृतक कैंपस में कब और कैसे पहुंचा था।

# शिक्षकों को अब मिलेगा पदोन्नति के साथ समय पर वेतन भुगतान

एजेंसी, पटना




बिहार सरकार ने राज्य के सरकारी शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के हित में पदोन्नति, वेतन भुगतान और स्थानांतरण नीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के इस फैसले से राज्य के लाखों शिक्षकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि लंबे समय से लंबित शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया अब तय समयसीमा के भीतर पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत के बाद पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, जबकि इसकी शुरुआत अप्रैल 2026 से की जाएगी।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि पदोन्नति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। इसमें शिक्षकों की सेवा अवधि, शैक्षणिक योग्यता और विभागीय नियमों को आधार बनाया जाएगा।

पहले चरण में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ दिया जाएगा, इसके बाद अन्य श्रेणियों के शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। सरकार शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर भी नई नीति लागू करने जा रही है। नई स्थानांतरण नीति के तहत जून 2026 से बड़े स्तर पर तबादले किए जाएंगे। इससे दूरदराज और कठिन क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को राहत मिलने की संभावना है तथा मानव संसाधन का संतुलित वितरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों और शिक्षकों के फरवरी माह का वेतन होली से पहले जारी करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से लगभग 75 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ मिलेगा, जिनमें 58 लाख से अधिक शिक्षक और प्रधानाध्यापक शामिल हैं। इसके अलावा राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2026-27 के बजट में शिक्षा विभाग के लिए 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है। इस राशि का उपयोग स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षकों की सुविधाओं में वृद्धि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए किया जाएगा।

केजरीवाल-सिसोदिया को राहत, तेजस्वी का बीजेपी पर हमला, बोले

## भाजपा का चाल-चरित्र बेनकाब, दिल्ली में फिर चुनाव कराओ

एजेंसी, पटना



पटना से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली जाने से पहले मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजीरवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब नीति मामले में कोर्ट से राहत मिलने पर प्रतिक्रिया दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'इस फैसले से बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। यह साफ हो गया है कि किस तरह विपक्षी नेताओं पर राजनीतिक दुर्भावना से मुकदमे किए जाते हैं।'

**संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही केंद्र सरकार- तेजस्वी यादव:** तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि, 'केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग अपने चुनावी फायदे के लिए कर रही है। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है।' उन्होंने मांग किया है कि दिल्ली में दोबारा चुनाव कराए जाएं।

**विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम करने की कोशिश किया- तेजस्वी:** तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि, 'सिर्फ केजरीवाल ही नहीं, बल्कि पिता लालू यादव और राहुल गांधी के खिलाफ भी राजनीतिक साजिश के तहत कार्रवाई की गई।' उन्होंने भरोसा जताया कि वे और उनकी पार्टी भी कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि न्यायपालिका से उन्हें भी इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, 'लोकतंत्र में न्यायपालिका पर जनता का विश्वास सबसे बड़ा सहारा है और सच की जीत तय है।'

## तेज प्रताप यादव का नया अवतार, हाथों में रुद्राक्ष लिए शिव भक्ती में लीन

एजेंसी, पटना



♦ यूजर बोले- बाबा बागेश्वर 2; एक ने कहा- कोई तो प्रोफेशन छोड़ दें प्रभु

लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह राजनीति नहीं, बल्कि उनका नया संत अवतार है। तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'संत तेज प्रताप यादव' के नाम से नया अकाउंट बनाया है। ये अकाउंट 15 फरवरी से चल रहा है। अबतक तेज प्रताप ने5 वीडियो अपलोड किए हैं, जिसमें भगवान शिव से जुड़ी बातें कर रहें। उन्होंने लोगों से उसे फॉलो करने की अपील की है।

नए वीडियो में तेज प्रताप बिल्कुल संत जैसे भेष-भूषा में नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में रुद्राक्ष की माला है। उन्होंने लाल वस्त्र धारण किया हुआ है। वीडियो में वे हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए शिवभक्तों को संदेश दे रहे हैं। उन्होंने अपने फैन्स से कहा कि महादेव की पूजा रोज सुबह स्नान कर, मन को शांत रखकर और बिना किसी द्वेष के करनी चाहिए। प्रेम भाव से बेलपत्र अर्पित करने से महादेव प्रसन्न होते हैं।

मैं भी रोज नहा-धोकर बेलपत्र चढ़ाता हूं। बेलपत्र महादेव को अत्यंत प्रिय है। महादेव आपके पास खींचे चले आते हैं। जितने भी हमारे शिव भक्त हैं, वे ऐसा करें। भाईचारे और प्रेम के साथ सभी महादेव की पूजा करें। वे इंस्टाग्राम पर रोज नया वीडियो पोस्ट करने की बात भी कह रहे हैं।

# होली पर यात्रियों की सुरक्षा पुख्ता, रेल पुलिस की शराब तस्करों, नशाखुरानी गिरोह पर पैनी नजर

एजेंसी, पटना



होली के मद्देनजर बिहार में रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में यात्रियों की घर वापसी होती है, जिसके कारण ट्रेनों और स्टेशनों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पटना रेल एसपी अनंत कुमार राय ने बताया कि अवैध शराब की तस्करी और नशाखुरानी गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। रेल एसपी के अनुसार, होली पर ट्रेनों के माध्यम से शराब तस्करी की आशंका बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए दो विशेष टीमें गठित कर रवाना की गई हैं। इन टीमों का कार्य ट्रेनों में गश्त करना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और यात्रियों को जागरूक करना होगा।

त्योहार के समय नशाखुरानी गिरोह भी सक्रिय हो जाते हैं। ये गिरोह यात्रियों को खाने-पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर देते हैं और उनका सामान चुरा लेते हैं। ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आरपीएफ और जीआरपी के जवान ट्रेनों और स्टेशनों पर 24 घंटे संयुक्त रूप से ड्यूटी करेंगे।

**नशाखुरानी गिरोह से यात्रियों को बचने की अपील:** रेल एसपी ने जानकारी दी कि विशेष टीमों को यात्रियों में बांटने के लिए पंपलेट दिए गए हैं। इन पंपलेट में नशाखुरानी गिरोह से बचने के उपाय और सतर्क रहने की सलाह दी गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अनजान लोगों से कोई भी खाने-पीने की वस्तु न लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें।

### विशेष टीम गठित

**स्टेशन पर पुलिस बल तैनात:** स्टेशनों पर भी अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और प्रवेश-निकास द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है ताकि यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके। रेल पुलिस का कहना है कि सख्त निगरानी और जागरूकता अभियान से होली के दौरान ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा।

# पीएमसीएच गर्ल्स हॉस्टल में कमरों के आवंटन पर विवाद, पीजी–यूजी छात्राएं भड़कीं

एजेंसी, पटना



पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के गर्ल्स हॉस्टल में कमरों के आवंटन को लेकर विवाद गहरा गया है। 10 मंजिला इस हॉस्टल में कुल 560 कमरे हैं, जिनमें अब तक 280 कमरे पीजी (पोस्ट ग्रेजुएट) और 280 कमरे यूजी (अंडर ग्रेजुएट) छात्राओं को आवंटित थे। हाल ही में प्रशासन ने आवंटन व्यवस्था में बदलाव की सूचना जारी की है, जिसके बाद पीजी और यूजी की छात्राओं में असंतोष फैल गया है।

**नई व्यवस्था के तहत कमरा एलॉट करने की मांग:** पीजी और यूजी की छात्राओं का आरोप है कि नई व्यवस्था के तहत कमरों का पुनः आवंटन किया जा रहा है। उनका कहना है कि इससे न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि रिसर्च और थीसिस के कार्य पर भी असर पड़ेगा। छात्राओं के अनुसार, बिना किसी स्पष्ट नीति, लिखित आदेश या पूर्व सूचना के कमरों में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो उचित नहीं है।

**पीजी की छात्राओं ने बताई अपनी समस्या:** पीजी की छात्राओं ने बताया कि, इस मुद्दे को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल नरेंद्र प्रताप सिंह से कई बार मुलाकात कर अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। उनका कहना है कि परीक्षा और थीसिस सबमिशन के इस महत्वपूर्ण दौर में कमरा बदलने का दबाव मानसिक तनाव को बढ़ा रहा है। कई छात्राएं रिसर्च वर्क में लगी हैं, ऐसे में कमरा बदलना उनके लिए बेहद मुश्किल है।

❒ स्वास्थ्य सचिव से हस्तक्षेप की मांग पारदर्शी नीति की मांग की

**स्वास्थ्य सचिव से हस्तक्षेप की मांग:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पीजी और यूजी छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार सरकार के स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार से मिला। छात्राओं ने उन्हें लिखित शिकायत सौंपते हुए हस्तक्षेप की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि जब तक हॉस्टल आवंटन को लेकर स्पष्ट, पारदर्शी और सर्वसम्मत नीति नहीं बनाई जाती, तब तक वर्तमान व्यवस्था को यथावत रखा जाए।

**बदलाव से पहले सहमति बनाना जरूरी:** छात्राओं ने यह भी स्पष्ट किया कि हॉस्टल केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई, सुरक्षा और मानसिक स्थिरता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। ऐसे में किसी भी बदलाव से पहले सभी हितधारकों- पीजी और यूजी छात्राओं, प्रशासन और फैकल्टी के साथ बैठक कर सहमति बनाना जरूरी है। उनका कहना है कि अचानक लिए गए निर्णय से भ्रम और असुरक्षा की स्थिति बन रही है।

**मांग पर पूरी नहीं होने पर आंदोलन कर सकती हैं छात्राएं:** बताया जाता हैं की प्रशासन हॉस्टल व्यवस्था को संतुलित और सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से बदलाव की तैयारी में है, लेकिन इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इसी वजह से छात्राओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल, छात्राएं प्रशासन के रुख और स्वास्थ्य विभाग की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही हैं।

## पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर अभाविप ने जारी किया घोषणा पत्र

एजेंसी, पटना



पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन को केंद्र में रखते हुए अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में छात्र कल्याण, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा परिसर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। घोषणा पत्र जारी करते हुए अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि परिषद हमेशा से छात्र हितों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र केवल चुनावी वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि पटना विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, सुरक्षित वातावरण और आधुनिक सुविधाओं से युक्त संस्थान बनाने का संकल्प है। उन्होंने भरोसा जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर सभी प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में अभाविप के प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह, क्षेत्रीय मीडिया संयोजक रविकरण कुमार सहित छात्रसंघ चुनाव में अभाविप समर्थित उम्मीदवार मौजूद रहे।

अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनुष्का कुमारी, उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार गुंजेश कुमार, महासचिव पद की उम्मीदवार प्रिया सिंह, संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार अभिषेक कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हर्षवर्धन ने संयुक्त रूप से घोषणा पत्र जारी किया। अभाविप के नेताओं एवं उम्मीदवारों ने छात्र-छात्राओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि छात्र हित, पारदर्शिता, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आधार बनाकर तैयार किया गया ।

होली पर बिहार में बर्ड फ्लू का खतरा

## पटना के सरकारी पॉल्ट्री फॉर्म में 6000 मुर्गियों को दफनाया गया, जू में हाई अलर्ट

एजेंसी, पटना



होली पर बिहार में बर्ड फ्लू का खतरा मंडरा रहा है। कौवों के बाद अब पटना में मुर्गियों में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। चितकोहरा स्थित कौशल नगर में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुर्गी फार्म में 6000 मुर्गियां संक्रमित पाई गईं हैं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने सभी मुर्गियों को दफना दिया है। संक्रमण की पुष्टि के बाद पूरे इलाके को सेनिटाइज किया गया। लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

मुर्गी फार्म क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह इलाका एयरपोर्ट के पास चितकोहरा पुल के नीचे स्थित है। क्षेत्र में बड़ी आबादी रहने के कारण प्रशासन सतर्क है। पटना डीएम के आदेश पर नगर निगम क्षेत्र में मुर्गे और मुर्गियों को बाहर से लाने और बाहर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान की 6 सदस्यीय टीम कौशल नगर स्थित पोल्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर में जांच के लिए पहुंची है। कौशल नगर के सभी वीवीआईपी इलाके में सैनिटाइजेशन का काम शुरू किया गया है।

संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे को इंफेक्शन जोन घोषित किया गया है। 9 किलोमीटर क्षेत्र को सर्विलांस एरिया बनाया गया है। इस क्षेत्र में अंडा, मुर्गी और चारे के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सेनिटाइजेशन प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही उपयोग की अनुमति होगी।

# नगर निगम की 20वीं सशक्त स्थायी समिति की बैठक, 63 से अधिक एजेंडों पर होगी चर्चा

एजेंसी, पटना



पटना नगर निगम की 20वीं सशक्त स्थायी समिति की बैठक आज है। मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में शहर के विकास और जनता की सुविधाओं से जुड़े 63 से अधिक एजेंडों पर चर्चा होगी। इस बैठक के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा जलापूर्ति का है। गर्मी के मौसम की आहट को देखते हुए शहर के कई वार्डों में पानी की किल्लत दूर करने के लिए दर्जनों योजनाओं को मंजूरी दी जा सकती है।

**टैक्स एसेसमेंट, रेवन्यू कलेक्शन के लिए एजेंसी का चयन:** इस बैठक में निगम क्षेत्र के अंतर्गत भवनों के नए सिरे से टैक्स एसेसमेंट और रेवन्यू कलेक्शन के लिए एक नई एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके अलावा शहर में शौचालयों के बेहतर संचालन और रखरखाव को लेकर एक ठोस नीतिगत निर्णय लिया जाएगा। पिछली बैठकों में स्वीकृत मॉडल शौचालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की जाएगी।

**छठ महापर्व को लेकर कार्यों पर होगी चर्चा:** विशेष रूप से साल 2025 के चैती और कार्तिक छठ महापर्व के दौरान कई घाटों पर कराए गए कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाएगी। बांकीपुर अंचल के विभिन्न घाटों जैसे काली घाट, कदम घाट, मिश्री घाट और पथरी घाट पर बालू भराई, रेलिंग पेंटिंग और पहुंच पथ की मरम्मत जैसे कार्यों पर भी चर्चा होगी। आज 1 बजे मेयर के चेम्बर में आयोजित बैठक में सभी विषयों पर चर्चा होगी।

♦ जलापूर्ति रहेगा मुख्य मुद्दा

**नई बोरिंग और पाइपलाइन विस्तार पर होगी चर्चा:** शहर के कई वार्डों में नई बोरिंग और पाइपलाइन विस्तार पर बड़ा फैसला होने की उम्मीद है। वार्ड संख्या 1, 7, 22, 25, 26, 29, 42, 43, 46, 49, 52, 61 और 72 जैसे क्षेत्रों में उच्च प्रवाह वाले बोरिंग लगाने और पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के प्रस्ताव कार्यसूची में शामिल हैं। इसके अलावे कई मोहल्लों में नई सड़कों और आरसीसी नालों के निर्माण की योजना भी तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में 14 साल की किशोरियों को मुफ्त लगेगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

**बीएनएम @ मोतिहारी।** बिहार सरकार ने सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए बड़ी पहल करते हुए 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीका निःशुल्क देने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत राज्य में करीब 13 लाख किशोरियों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अजमेर से करेंगे। वहीं बिहार में कार्यक्रम का उद्घाटन इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। अभियान की शुरुआत जिला स्तर से की जाएगी, इसके बाद इसे प्रखंड स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक जिले में 20 किशोरियों को ग्राडासिल टीका लगाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि जिन किशोरियों ने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है लेकिन अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं, वे सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर यह टीका लगवा सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है और इसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण है। वर्ष 2024 में देश में इसके करीब 78,499 नए मामले सामने आए और 42,392 मौतें दर्ज की गईं। यह टीका एचपीवी वायरस के खतरनाक प्रकार 16 और 18 के खिलाफ लगभग 93 प्रतिशत तक प्रभावी माना जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित और स्वैच्छिक होगा तथा इसके लिए अभिभावकों की सहमति आवश्यक होगी। टीकाकरण प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 'यू-विन' डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा भी दी गई है। सरकार का उद्देश्य राज्य की हर बेटी को इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना है।

### हत्या मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास, 20 हजार रुपये अर्थदंड

**बीएनएम @ मोतिहारी।** हत्या के एक चर्चित मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला विद्या प्रसाद, एडीजे-2, पूर्वी चंपारण की अदालत ने कल्याणपुर थाना कांड संख्या-288/23 (STR No.-252/24) में सुनाया। न्यायालय ने धारा-302 भा.दं.वि. के तहत अभियुक्त ललन पंडित, पिता स्व. लालजी पंडित, निवासी ध्रुव पकड़ी, थाना कल्याणपुर, जिला पूर्वी चंपारण को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। प्रकरण की वादिनी महादेवी, पति स्व. लालजी पंडित, निवासी ध्रुव पकड़ी थीं। मामले का अनुसंधान पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार ने किया था। उन्होंने मामले से जुड़े साक्ष्यों का संकलन कर न्यायालय में सशक्त चार्जशीट दाखिल की, जिसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सुदामा बैठा ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय के इस फैसले से क्षेत्र में न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

### हत्या के प्रयास मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** शिकारगंज थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शिकारगंज थाना कांड संख्या 49/26 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर छापेमारी कर अभियुक्त बैरिस्टर साहनी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त गोढ़िया गांव का निवासी है तथा उसके पिता का नाम परगन साहनी बताया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में दर्ज प्राथमिकी के बाद से ही अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों पर नियंत्रण के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी विशेष अभियान जारी है, ताकि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था कायम रखी जा सके। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर आगे भी गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

#### आपदा प्रबंधन योजना पर इंटरफेस कार्यक्रम आयोजित

# बरदाहा पंचायत का आपदा जोखिम न्यूनीकरण योजना तैयार किया गया

बीएनएम @ मोतिहारी



सेल्सफोर्स के सहयोग से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार एवं बाल रक्षा भारत के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मोतिहारी सदर प्रखंड अंतर्गत बरदाहा पंचायत भवन में आपदा प्रबंधन योजना (DMP) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला-स्तरीय इंटरफेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्तव्यधारियों (Duty Bearers) एवं समुदाय के बीच आपदा प्रबंधन को सशक्त और व्यवहारिक बनाने पर विस्तृत संवाद हुआ। बैठक का संचालन बाल रक्षा भारत के हामिद रज़ा एवं सत्य प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण एवं स्वागत सत्र से हुई, जिसके पश्चात उद्घाटन सत्र में संस्था प्रतिनिधियों ने बैठक के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। डीडीएमए प्रतिनिधि द्वारा जिले में बाढ़, शीतलहर, गर्मी की लहर एवं भूकंप जैसी संभावित आपदाओं के परिदृश्य पर चर्चा करते हुए वर्तमान जिला आपदा प्रबंधन योजना की स्थिति और चुनौतियों को रेखांकित किया गया। संदर्भ प्रस्तुति के दौरान विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों (AWC) एवं समुदाय स्तर पर जोखिमों की पहचान पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित कर जोखिम विश्लेषण, संवेदनशील समूहों—विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों—की सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श कराया गया। हितधारक संवाद सत्र में विभिन्न समूहों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिस पर विभागीय प्रतिनिधियों ने प्रतिक्रिया दी। बैठक में बरदाहा पंचायत की आपदा प्रबंधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागवार जिम्मेदारियाँ तय की गईं तथा समयबद्ध कार्ययोजना पर सहमति बनी। साथ ही, DMP में आवश्यक संशोधनों के लिए प्राथमिकता आधारित सुझावों का संकलन कर अनुवर्ती तंत्र (Follow-up Mechanism) निर्धारित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संबंधित विभागों द्वारा प्रतिबद्धता वक्तव्य दिया गया तथा अगली समीक्षा बैठक की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुखिया मोहन सहनी, सरपंच मुरारी सहनी, पंचायत समिति सदस्य राजेश सहनी, समाज सेवी अज़हर हुसैन अंसारी, वार्ड सदस्य रामायण सहनी, शिव शंकर सहनी, वीरेंद्र राम, शिक्षक सुनील सहनी, विनय कुमार, संजय सरकार, लेडीज सुपरवाइजर रंजना कुमारी, कचहरी सचिव राघवेंद्र कुमार, सेविका करिश्मा कुमारी, मैना देवी, मीना देवी, अनिता कुमारी, पूजा कुमारी, संगीता कुमारी, जयंती देवी, मनीषा देवी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, करीमा कुमारी, सोनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में ऑफिस सर्विस प्रोवाइडर एवं समुदाय के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अपेक्षित परिणामों में संशोधित एवं संदर्भानुकूल DMP का प्रारूप तैयार करना, विभागवार जिम्मेदारियों की स्पष्टता, सामुदायिक फीडबैक का औपचारिक समावेश तथा मॉनिटरिंग तंत्र की स्थापना शामिल है।

## जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए



बीएनएम @ मोतिहारी

शुक्रवार को नगर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 44 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर एडीएम पीजीआरओ के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा सुनवाई की गई। उक्त प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। आज जनता के दरबार में जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत लगभग 150 से अधिक रात्रि प्रहरी द्वारा जून 2024 से मानदेय भुगतान नहीं करने की शिकायत लेकर उपस्थित हुए जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को अविलंब नियमानुसार भुगतान करने का निर्देश दिया गया। 19 दिसम्बर 2025 कोई भी ये सभी रात्रि प्रहरी यही शिकायत लेकर आए थे तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। इनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

## बिहार पुलिस वार्षिक पारितोषिक समारोह-2026 में पुअनि सुमित डीआईजी से हुए सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी



बिहार पुलिस के वार्षिक पारितोषिक समारोह–2026 के गरिमामय अवसर पर पूर्वी चंपारण जिला के पु.अ.नि सुमित कुमार प्रसाद को उनके उत्कृष्ट, साहसपूर्ण एवं उल्लेखनीय पुलिस कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रामगढ़वा थाना कांड संख्या–262/25 में घटित लूट की घटना के सफल उद्भेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा महत्वपूर्ण बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु प्रदान किया गया। उक्त कांड के अनुसंधान में श्री प्रसाद ने उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता, सूक्ष्म विश्लेषणात्मक क्षमता एवं अद्वितीय कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में गठित टीम ने सुनियोजित रणनीति, तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग तथा सतत प्रयासों के माध्यम से अल्प अवधि में प्रकरण का सफल अनावरण किया, जिससे न केवल अपराधियों को न्याय के कटघरे तक पहुँचाया जा सका, बल्कि आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बेतिया पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को आयोजित समारोह में डीआईजी, चंपारण रेंज के हरि किशोर राय के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं 6000/- (छः हजार रुपये) की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त समारोह में उपस्थित वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उनके कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की तथा इसे कर्त्तव्यपरायणता एवं पेशेवर प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण बताया। बिहार पुलिस अपने कर्मठ एवं समर्पित अधिकारियों के इस प्रकार के उत्कृष्ट योगदान पर गौरवान्वित है और आशा करती है कि सुमित कुमार प्रसाद का यह कार्य अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान: स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों को खिलाई गई दवा

बीएनएम @ मोतिहारी



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा संग्रामपुर प्रखंड के विद्यालयों में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बालिका मध्य विद्यालय सह उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पश्चिमी संग्रामपुर, इजरा में बूथ लगाकर 269 बच्चों व शिक्षकों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई गई। अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ रोगी हितधारक मंच के सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा देवी ने दवा खाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक तथा बीआरसी कार्यालय से आए पदाधिकारियों ने भी दवा का सेवन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के प्रभारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसका उन्मूलन समाज के सभी वर्गों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि योग्य सभी व्यक्ति दवा का सेवन करें, ताकि संग्रामपुर प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर घर-घर जाकर लोगों को एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जा रही है। जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एससी शर्मा ने बताया कि यह बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है, जो गंदे और रुके हुए पानी में पनपता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों तथा दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाती है। दवा हमेशा स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में और भोजन के बाद ही लेनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. पंकज कुमार, बीसीएम रवि मंडल, सिद्धांत कुमार, धर्मेंद्र कुमार पर्वत, रूपेश कुमार, सीएचओ भीखाराम, एएनएम प्रमिला कुमारी, आशा फैसिलिटेटर पुष्पा देवी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी व रोगी हितधारक मंच के सदस्य मौजूद रहे।

# चित्रांश अधिवक्ता मंच ने मनाया होली मिलन समारोह, पारंपरिक गीतों पर झूमे लोग

बीएनएम @ मोतिहारी @ अवनीश कुमार सिंह





शहर के चांदमारी एक निजी आवासीय परिसर में चित्रांश अधिवक्ता मंच की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और चित्रांश समाज से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में होली के पारंपरिक गीतों और फाग की धुनों पर उपस्थित लोग देर तक झूमते रहे। रंग-बिरंगे गुलाल और हंसी-खुशी के माहौल में लोगों ने एक-दूसरे के साथ होली की खुशियां साझा कीं। कई लोगों ने पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर मंच के वरीय सदस्य अधिवक्ता दिवाकर श्रीवास्तव ने कहा कि होली केवल रंगों का ही नहीं बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का पर्व है। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों के बीच आपसी संबंध और मजबूत होते हैं तथा एक-दूसरे के प्रति सद्भाव की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि चित्रांश अधिवक्ता मंच समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया और एक-दूसरे को होली की अग्रिम बधाई दी। समारोह में अधिवक्ता राजीव शंकर वर्मा, अमरेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, मुकुंद कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार, सुमित श्रीवास्तव, मिथलेश कुमार वर्मा, ओमप्रकाश, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मनीष कुमार समेत कई अधिवक्ता समाज के गणमान्य लोग और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए खुशहाल और सुरक्षित होली मनाने की अपील की।

# जिले में एचआईवी/एड्स के विरुद्ध विशेष अभियान 28 से 10 मार्च तक लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**होली पर घर आने वाले प्रवासियों और हाई रिस्क ग्रुप की जांच पर दिया जाएगा विशेष जोर**

बीएनएम @ मोतिहारी



बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना द्वारा राजव्यापी अभियान के तहत जिले में 28 फरवरी से लेकर 10 मार्च तक विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सिविल सर्जन की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी, जिला आईसीटीसी पर्यवेक्षक तथा संबंधित सभी प्रभाग के कर्मी के बीच सघनवार्ता के बाद माइक्रो प्लान का रूपरेखा तैयार किया गया। सीडीओ ने बताया कि होली के अवसर पर घर लौटने वाले प्रवासी मजदूर के साथ-साथ आम जनमानस के बीच एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जांच परामर्श और उपचार सेवाओं की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी ताकि संक्रमण का समय पर पहचान हो सके। अभियान के दौरान सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाने, निरोध के उपयोग , यौन संचालित संक्रमण की पहचान एवं उपचार तथा एचआईवी एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम 2017 के प्रावधानों के संबंध में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। प्रभारी जिला पर्यवेक्षक संजय जायसवाल ने बताया कि 28 से 10 मार्च तक कुल 13 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में गर्भवती महिला ,प्रवासी मजदूर, एचआरजी समूह की जांच होगी साथ ही साथ एचआईवी, सिफलिस ,हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, टीवी ,ब्लड शुगर, हाई ब्लड प्रेशर, एनीमिया सहित अन्य आवश्यक सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सिविल 28 फरवरी को रक्सौल, सुगौली, चकिया 2 मार्च को मंजूराहा मोतिहारी, 6 मार्च को मधुबन, मेह मासी 7 मार्च को घोड़ासहन,अरेराज, चिरैया, 9 मार्च को छतौनी, 10 मार्च को छौडादानों, तुरकौलिया व मोतिहारी में किया जाएगा।

## बिहार पुलिस सप्ताह पर 34 पुलिस पदाधिकारी-कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

बीएनएम @ मोतिहारी/बेतिया



बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में चंपारण क्षेत्र के 34 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस केंद्र बेतिया के सभागार में किया गया, जहां पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) चंपारण क्षेत्र ने चयनित पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। पुलिस मुख्यालय, अपराध अनुसंधान विभाग पटना के निर्देश पर आयोजित इस समारोह में मोतिहारी और बेतिया जिलों के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित किया गया था। सम्मानित होने वालों में मोतिहारी जिले से पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, डीएसपी रैंक के पदाधिकारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल हैं। इसके अलावा बेतिया जिले से भी पुलिस अधीक्षक समेत विभिन्न पदों पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को उनके बेहतर कार्य निष्पादन, अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में भी जनता की सेवा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए और अधिक तत्परता से कार्य करते हैं। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों के साथ कई जवान और अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# मोतिहारी में होटल-रेस्टोरेंट पर प्रशासन का छापा, गंदगी व अनियमितता पर अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट सील

बीएनएम @ मोतिहारी





जन-स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने शुक्रवार को शहर के शरण कॉम्प्लेक्स और पानी टंकी इलाके में स्थित कई होटल व रेस्टोरेंट में संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, नगर निगम प्रतिनिधि समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पानी टंकी स्थित अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान में अग्निशमन यंत्र और फायर एनओसी का अभाव था। इसके अलावा अत्यंत गंदे वातावरण में खाद्य सामग्री तैयार की जा रही थी। कर्मचारियों द्वारा बिना ग्लव्स और हेडगियर के भोजन बनाने का काम किया जा रहा था। निरीक्षण टीम को खाद्य मिलावट के संकेत, इस्तेमाल किए गए तेल व अन्य खाद्य सामग्री का असुरक्षित भंडारण तथा चूहों व अन्य कीटों की मौजूदगी भी मिली। साथ ही कच्ची बिलिंग और संदिग्ध दस्तावेज मिलने से कर अपवंचना की भी आशंका जताई गई। विधिक माप विज्ञान प्रमाण पत्र का अभाव और अधिक तौल जैसी अनियमितताएं भी पाई गईं। इन सभी स्थितियों को जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा मानते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य सामग्री के नमूने लिए और Food Safety and Standards Act, 2006 के तहत अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट को अस्थायी रूप से सील कर दिया। वहीं जायसवाल होटल सहित आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों में भी खाद्य सामग्री का अस्वच्छ भंडारण और अग्निशमन उपकरणों की कमी पाई गई। वहां से भी नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा मिलावटी और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### औचक निरीक्षण में बंद मिली ग्राम कचहरी, दो न्याय सचिवों का वेतन रोका



**बीएनएम @ रामगढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र में ग्राम कचहरियों के संचालन में लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) इंद्रजीत दास ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान रामगढ़वा और रघुनाथपुर पंचायत की ग्राम कचहरी बंद मिलने पर संबंधित न्याय सचिवों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है तथा उनसे स्पष्टीकरण तलब किया है। जानकारी के अनुसार सरकारी नियमों के तहत ग्रामीणों के छोटे-मोटे विवादों के निपटारे के लिए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम कचहरी का संचालन अनिवार्य है। इस दौरान न्याय सचिव की उपस्थिति आवश्यक होती है ताकि अभिलेखों का संधारण और आवश्यक कागजी कार्रवाई समय पर हो सके। निरीक्षण के दौरान दोनों पंचायतों की ग्राम कचहरी में ताला लटका मिला और न्याय सचिव अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीपीआरओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी। बीपीआरओ इंद्रजीत दास ने कहा कि ग्राम कचहरियों का उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही न्याय उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। कर्मियों की लापरवाही से इस व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित न्याय सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद प्रखंड के अन्य पंचायत कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

### शादी समारोह से 5 वर्षीय बच्ची लापता, पुलिस तलाश में जुटी



**बीएनएम @ तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान 5 वर्षीय बच्ची के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं पुलिस बच्ची की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार जयसिंहपुर निवासी यादोलाल साह की पुत्री की शादी 25 फरवरी को आयोजित थी। इसी समारोह में पड़ोस में रहने वाली पांच वर्षीय अनू कुमारी उर्फ भूअरी भी गई थी। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। बच्ची के दादा जमुना साह ने बताया कि घर के बगल में उनके चचेरे भाई की लड़की की शादी थी, जहां से उनकी पोती अचानक लापता हो गई। अनू स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ती थी और वह एक भाई तथा एक बहन में मंझली है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने थाना में आवेदन देकर बच्ची के लापता होने की जानकारी दी है। वहीं बच्ची के पिता, जो उड़ीसा में सीआरपीएफ जवान के रूप में कार्यरत हैं, घटना की जानकारी मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा बच्ची की खोजबीन के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

### काफी जद्दोजेहद के बाद पूर्व प्रभारी ने सौंपा वित्तीय प्रभार, होली से पहले वेतन मिलने की उम्मीद



**बीएनएम@ पताही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताही में लंबे समय से चल रहे प्रभार हस्तांतरण विवाद का आखिरकार समाधान हो गया। काफी जद्दोजेहद और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद पूर्व प्रभारी डॉ. मोहन लाल प्रसाद ने वर्तमान प्रभारी डॉ. शंकर बैठा को वित्तीय प्रभार सौंप दिया। बताया जाता है कि पकड़ीदयाल की एसडीओ मंगला कुमारी ने पूर्व प्रभारी को 24 घंटे के भीतर हर हाल में प्रभार सौंपने का स्पष्ट निर्देश दिया था। उनके सख्त निर्देश के बाद पूर्व प्रभारी ने वित्तीय प्रभार से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करते हुए वर्तमान प्रभारी को जिम्मेदारी सौंप दी। वित्तीय प्रभार मिलने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों में खुशी का माहौल है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि होली से पहले उनका लंबित वेतन मिल सकता है, जिससे उन्हें काफी राहत मिलने की संभावना है। हालांकि अब सभी की नजर इस बात पर टिकी हुई है कि नए प्रभारी को मिले वित्तीय प्रभार की आईडी कब तक पूरी तरह सक्रिय हो पाती है। आईडी सक्रिय होने के बाद ही वेतन भुगतान समेत अन्य वित्तीय कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय कर्मियों ने उम्मीद जताई है कि नए प्रभारी के कार्यभार संभालने के बाद अस्पताल की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था में सुधार होगा तथा लंबे समय से लंबित कार्यों का जल्द निष्पादन हो सकेगा।

### ड्यूटी के दौरान बैंक के फील्ड ऑफिसर की मौत



**बीएनएम@ सुगौली।** स्थानीय बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की सुगौली शाखा में कार्यरत फील्ड ऑफिसर नीरज चौधरी की शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना से बैंक कर्मियों और स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार नीरज चौधरी मूल रूप से मुंगेर जिले के रहने वाले थे और पिछले करीब दो वर्षों से सुगौली बाजार स्थित बैंक शाखा में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार को वे बैंक में अपने नियमित कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक उन्हें चक्कर आने लगा। उन्होंने इसकी जानकारी अपने सहकर्मियों को दी, लेकिन कुछ ही देर बाद कुर्सी से गिर पड़े। सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टर ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। जिला मुख्यालय में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बैंक कर्मचारियों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मियों ने बताया कि नीरज चौधरी अपने व्यवहार और कार्यकुशलता के लिए जाने जाते थे। उनके असामयिक निधन से बैंक परिवार और क्षेत्र के लोगों को गहरा दुख पहुंचा है।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

» एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**बीएनएम @ सिकरहना (ढाका)**



होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल सभा कक्ष में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) विजय कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उदय शंकर ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम विजय कुमार ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक पर्व है, जिसे शांति, अनुशासन और आपसी सम्मान के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ खबरें साझा न करें। अफवाह फैलाने या विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी उदय शंकर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली के दौरान डीजे पर अश्लील या भड़काऊ गाने नहीं बजाए जाएं तथा पर्व को मर्यादित और सांस्कृतिक तरीके से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई कराई जाए, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए तथा आवश्यकता अनुसार पानी टैंकर की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में पवित्र रमजान माह चल रहा है, इसलिए सभी समुदायों से संयम, आपसी सम्मान और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाएगी। बैठक के अंत में अधिकारियों ने सभी लोगों से अमन-चैन, भाईचारे और आपसी सहयोग के साथ होली पर्व मनाने का आह्वान किया तथा प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

## रमजान के दूसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़, अमन-चैन की मांगी दुआ



**बीएनएम @ रामगढ़वा**

पवित्र माह-ए-रमजान के दूसरे जुमे पर शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। प्रखंड मुख्यालय की जामा मस्जिद सहित आसपास की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। तेज धूप के बावजूद रोजेदारों का उत्साह कम नहीं हुआ और कई स्थानों पर भीड़ अधिक होने के कारण मस्जिदों के बाहर तथा छतों पर भी नमाज अदा करनी पड़ी। इस अवसर पर रामगढ़वा मदरसे के मुफ्ती जेयाउल हक कासमी ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना सब्र, इबादत और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। वहीं जामा मस्जिद के इमाम ने जकात और फितरा देने की अहमियत बताते हुए नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह के निर्देश पर पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर जुमे की मुबारकबाद दी। बाजार में भी इफ्तारी के सामानों की दुकानों पर अच्छी खासी रौनक देखने को मिली।

## अरेराज में ‘आशीष कम्युनिकेशन’ इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का हुआ उद्घाटन

**बीएनएम @ अरेराज**




अरेराज के स्थानीय बस स्टैंड के समीप नवनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम ‘आशीष कम्युनिकेशन’ का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक राजन तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रोहित कुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार और मनु मिश्रा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजन तिवारी ने कहा कि अरेराज क्षेत्र में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुलने से अब स्थानीय लोगों को मोबाइल, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए दूर शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। लोगों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। शोरूम के संचालक संजीव कुमार ने बताया कि दुकान में मोबाइल, स्मार्ट टीवी सहित कई आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बाजार के प्रतिस्पर्धी दामों पर बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद दिए जाएंगे। साथ ही ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आसान फाइनेंस की व्यवस्था भी की गई है, जिससे हर वर्ग के लोग अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीद सकें। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर संचालक को शुभकामनाएं दीं।

## प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक संपन्न, आत्मा योजना के प्रभावी संचालन पर जोर

**बीएनएम @ रक्सौल**



प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा ने की। बैठक में समिति के सदस्यगण, एवीएन प्रतिनिधि, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा कृषि विभाग के कई कर्मी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी रत्नेश्वर कुमार ने किसानों के हित में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उन्नत बीज वितरण, कृषि यंत्रों पर अनुदान, फसल बीमा योजना तथा अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। इस दौरान प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पहाड़पुर अभिषेक कुमार ने आत्मा (ATMA) योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण, प्रदर्शन कार्यक्रम और आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आत्मा योजना के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से आग्रह किया कि आत्मा योजना को प्रखंड स्तर पर सुचारू और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को पंचायत प्रभार से मुक्त किया जाए, ताकि वे पूरी तरह योजना के क्रियान्वयन पर ध्यान दे सकें। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने किसानों के हित में योजनाओं को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग का आश्वासन दिया।

## डुमरियाघाट में होली से पहले 414 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, स्विफ्ट डिजायर जब्त

» नेशनल हाइवे 27 पर सेमभूआपूर के समीप पुलिस के कारवाई में जब्त हुई शराब, राजस्थान का रहनेवाला है कारोबारी

» जब्त शराब 180 एमएल का 2304 बोतल

**बीएनएम@ डुमरियाघाट**



आगामी होली पर्व को देखते हुए जिले में शराब की बड़ी खेप खपाने की साजिश को डुमरियाघाट पुलिस ने नाकाम कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने नेशनल हाईवे-27 पर सेमभूआपूर गांव के समीप एक स्विफ्ट डिजायर कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर होली से पहले शराब तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए जिले के विभिन्न सेक्टरों में विशेष टीमों की तैनाती की गई है। इसी क्रम में डुमरियाघाट थाना पुलिस द्वारा डुमरियाघाट पुल एवं आसपास के इलाकों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान संदिग्ध अवस्था में आ रही स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से कुल 414.720 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब 180 एमएल की कुल 2304 बोतलें बताई जा रही हैं। मौके से गिरफ्तार कारोबारी की पहचान गिरधारी राम, पिता बांका राम, निवासी सांवलोर, जिला बाड़मेर (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में शराब को होली के मौके पर जिले में खपाने की योजना का संकेत मिला है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु ने बताया कि डुमरियाघाट पुल पर लगातार सघन वाहन जांच जारी है और किसी भी सूरत में इस रास्ते शराब की खेप को गुजरने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जब्त शराब और वाहन को सीज करते हुए गिरफ्तार कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। होली पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है और अंतरजिला सीमाओं पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है।

## हरैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील



**बीएनएम @ रक्सौल**

होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से हरैया थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग, डीजे संचालक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने उपस्थित लोगों से होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और इसके उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और खुशियों का पर्व है, इसलिए सभी लोग इसे मिल-जुलकर और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने यह भी अपील की कि कोई भी व्यक्ति शराब सेवन या अन्य असामाजिक गतिविधियों में शामिल न हो। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन के निर्देशों का समर्थन करते हुए क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का संकल्प लिया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत थाना को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## 63 लीटर चुलाई शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**बीएनएम @ सुगौली**

स्थानीय पुलिस ने गुरुवार रात थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 63 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान फुलवरिया पंचायत के डंडी टोला निवासी जगन्नाथ महतो के पुत्र हरेंद्र महतो, छपरा बहास निवासी उदन साह के पुत्र भुटी साह, शिवपूजन साह के पुत्र हरि प्रसाद तथा बसघटिया निवासी रामपत साह के पुत्र चंद्रदेव साह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कुल 63 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई।



उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## ‘बिहार पुलिस सप्ताह-2026’ में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसडीपीओ रवि कुमार सम्मानित

**बीएनएम @ अरेराज**



‘बिहार पुलिस सप्ताह-2026’ के अंतर्गत आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में अरेराज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रवि कुमार को उत्कृष्ट सेवा, साहसिक नेतृत्व और प्रभावी अनुसंधान के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) द्वारा बेतिया स्थित पुलिस केंद्र सभागार में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार यह सम्मान उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में घटित एक जटिल लूटकांड के त्वरित और सफल उद्भेदन के लिए दिया गया है। घटना के बाद अपराधियों ने पुलिस के सामने बड़ी चुनौती पेश कर दी थी। हालांकि एसडीपीओ रवि कुमार ने वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और सटीक रणनीति के माध्यम से मामले का जल्द खुलासा कर दिया। उनके नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई पूरी नकद राशि के साथ स्वर्ण आभूषणों की शत-प्रतिशत बरामदगी भी सुनिश्चित की। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आमजन का भरोसा मजबूत हुआ और अपराधियों के मनोबल पर प्रभावी प्रहार हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, टीम वर्क और पेशेवर दक्षता ही एक पुलिस अधिकारी की वास्तविक पहचान होती है। उन्होंने एसडीपीओ रवि कुमार के कार्य को अनुकरणीय बताते हुए अन्य पुलिस अधिकारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। इस सम्मान से चंपारण पुलिस महकमे में हर्ष का माहौल है और क्षेत्र के लोगों ने भी एसडीपीओ रवि कुमार को बधाई दी है।

## एआई बुलबुला फूटा

**लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबारी दौड़ चीन ने जीती। हाई-टेक चमत्कार को उसने सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीन यही नज़रिया एआई क्षेत्र में अपना रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट की शुरुआत से ठीक पहले चीन की कंपनी बाइटडांस ने वीडियो बनाने में सक्षम नया ओपन सोर्स एआई मॉडल लॉन्च किया, जिससे डीपसीक से मिलती-जुलती सनसनी दुनिया में फैली। सीडडांस 2.0 नाम का ये मॉडल टेक्स्ट, तस्वीर, ऑडियो और वीडियो की एक साथ प्रोसेसिंग में सक्षम बताया गया है। इससे फिल्म निर्माण, ई-कॉमर्स, और विज्ञापन संबंधी उत्पादों को डिजाइन करना सस्ता हो जाएगा। इस घटनाक्रम ने अमेरिका में एआई सेक्टर में हो रहे विशाल निवेश की उपयोगिता पर फिर बहस खड़ी की है। अमेरिकी मॉडल आविष्कार को बौद्धिक संपदा में तब्दील कर मुनाफा कमाने के नज़रिए पर केंद्रित है। इसीलिए वहां इस क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया गया है, जिसे अनेक अर्थशास्त्री एआई बुलबुला कहते हैं। वहां की कंपनियां इस सोच को लेकर अपना भविष्य दांव पर लगा रही हैं कि उच्च-गुणवत्ता वाला एआई हमेशा एक लग्ज़री प्रोडक्ट रहेगा। मगर चीनी के ओपन-सोर्स डेवलपर्स दिखा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में एक सामान्य वस्तु है। इस सिलसिले में ये उदाहरण दिया गया है कि लिथियम-आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबार की दौड़ चीन ने जीती। ऐसा उसने बेहतर आविष्कार के जरिए नहीं किया, बल्कि विशाल पैमाने पर उत्पादन के जरिए बाजार में उसने अपने पांव फैला लिए। यानी हाई-टेक चमत्कार को सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिस्पर्धी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीनी कंपनियां यही नज़रिया एआई के मामले में अपना रही हैं। मसलन, डीपसीक का रिजनर मॉडल लगभग 55 सेंट प्रति टोकन कीमत पर उपलब्ध है, तो वैसे में लगभग साढ़े पांच डॉलर में चैट जीपीटी के टोकन लेने में कितने लोगों की दिलचस्पी होगी? इसलिए एआई बुलबुले के फूटने की आशंकाएं गहराती चली जा रही हैं। पिछले महीने भारतीय संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इस घटनाक्रम को लेकर चेतावनी दी गई थी। कहा गया कि अमेरिका में एआई बुलबुला फूटा, तो उसका बहुत खराब असर भारत जैसे देशों पर भी होगा।**

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन

**संजय गोस्वामी**


राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2026 को पूरे भारत में मनाया जाता है । यह दिवस 1928 में भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाया जाता है जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला था । दैनिक जीवन में वैज्ञानिक अनुप्रयागों (applications) के महत्व को रेखांकित करना ,यह दिवस भारत के तकनीकी विकास और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने का एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है स्कूलोंकॉलेजों और अनुसंधान संस्थानों में विज्ञान प्रदर्शनियांक्विज और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं 28 फरवरी 1928 को सी.वी. रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थीजिसने भारतीय विज्ञान को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया इस वर्ष के आयोजन का उद्देश्य विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। इसका मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलानाभारत को दूसरा सी.वी. रमन नहीं मिल सकता है- किंतु सी.वी. रमन के जीवन से सीख हासिल कर रमन परंपरा अथवा वैज्ञानिक खोजों को आगे बढ़ाया जा सकता है। "जितनी जल्दी नई पीढ़ी के प्रेरणास्रोत वैज्ञानिक, चिकित्सक, शिक्षक, सैनिक और किसान बनने लगेंगे उतनी जल्दी भारत विकसित देशों की सूची में शामिल होगा।" हमें समझना पड़ेगा कि - कोई भी अनुसंधान करने में कठिन परिश्रम और लगन की आवश्यकता होती है, कीमती उपकरण की नहीं। सी.वी. रमन कहते हैं - "हमेशा सही सवाल पूछें, फिर देखना प्रकृति अपने सभी रहस्यों के द्वार खोल देगी।" वे ये भी कहते हैं कि "शिक्षा का उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र रूप से सोचने और अपने स्वयं के निर्णय लेने के लिये सक्षम बनाना है।" उनके विचार से यही प्रतीत होता है कि सी.वी. रमन सीखने-सिखाने व तर्कसंगत सवाल करने के पक्षधर थे। विज्ञान और वैज्ञानिक क्यों व कैसे में न पड़ें तो खोज व आविष्कार कैसे हो पाएगा? शिक्षा को मनुष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत मानने वाले सी वी रमन का पूरा नाम 'चंद्रशेखर वेंकटरमन' था। खोजी प्रवृत्ति के धनी सी. वी. रमन ने वर्ष 1930 में भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता। श्री रमन द्वारा जीते गए नोबेल पुरस्कार ने भारतीय वैज्ञानिक समुदाय की ओर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया।दरअसल इस संसार में इंसान अपने कार्यों से प्रभाव छोड़ता है। उनके प्रभावों से उनकी शख्सियत बनती है। इतिहास गवाह है कि सी.वी. रमन के 'रमन प्रभाव' ने वैश्विक पटल पर इतना उम्दा प्रभाव छोड़ा कि वे हमेशा के लिये महान वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो गए। भारतरत्न, भौतिकी का नोबेल पुरस्कार, फ्रेंकलिन मेडल, लेनिन शांति पुरस्कार और रॉयल सोसाइटी ने सी.वी. रमन की प्रतिष्ठा व लोकप्रियता में उत्तरोत्तर वृद्धि की। आज दुनिया जिस सी.वी. रमन को जानती है उनके बनने की प्रक्रिया तप-त्याग से होकर गुजरी है।"अपनी नाकामयाबियों के लिये मैं खुद जिम्मेदार हूँ, अगर मैं नाकामयाब नहीं होता तो इतना सब कुछ कैसे सीख पाता।" इस विचार के समर्थक सी.वी. रमन का जन्म 7 नवंबर, 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। गणित व भौतिकी का माहौल इन्हें घर से ही प्रदान किया था। इनके पिता चंद्रशेखर अय्यर गणित व भौतिकी के लेक्चरर थे। उन्हीं से रमन में विज्ञान व शिक्षण के प्रति लगाव पैदा हुआ। और यह लगाव अंतिम साँस तक कायम रहा। होनहार बिरवान के होत चिकने पात! बालक सी.वी. रमन का मन विज्ञान में खूब रमता था। वे बचपन में खेल-खेल में प्रयोग किया करते थे। विद्यालय और छात्रावास में अपने सहपाठियों के साथ जबकि घर में भाई-बहनों के साथ विज्ञान के छोटे-छोटे प्रयोग में मशगूल रहना उनकी दिनचर्या का मूल हिस्सा बन गया था। सभी घटनाओं में वे कार्य-कारण सिद्धांत को लागू किया करते थे। अंतिम जवाब मिलने तक वे स्वयं से सवाल किया करते थे। विज्ञान में गहरी रुचि और पिताजी के द्वारा गणित व विज्ञान में किये जा रहे शिक्षण कार्य ने बालक सी.वी. रमन के मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ी। यही वजह है कि वे विज्ञान व गणित की पढ़ाई करने के लिये प्रेरित हुए। प्रतिभाशाली सी.वी. रमन ने बहुत जल्दी स्कूल की पढ़ाई पूरी की, 11 साल की आयु में अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की, 13 साल में अपनी उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी की और 16 साल की आयु में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने भौतिकी में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके बाद मद्रास विश्वविद्यालय से बेहतरीन अंकों के साथ गणित में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की।स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने के बाद वे भारतीय वित्त विभाग में नौकरी करने लगे, लेकिन कलकत्ता में 'इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस' की प्रयोगशाला में शोध करना जारी रखा। शिक्षण-अधिगम से लगाव रखने वाले सी.वी. रमन ने अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी और वर्ष 1917 में कलकत्ता विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर बन गए। सी.वी. रमन के तमाम शोध कार्य इसी कर्मस्थली में संपन्न हुए थे।विज्ञान सी.वी. रमन की रगों में दौड़ता था। यही कारण है कि उनका अधिकतर समय लैब में बीतने लगा। जब लैब में मस्तिष्क थक जाता तब भौतिकशास्त्री सी.वी. रमन संगीत का रुख करते थे। विद्यार्थियों को पढ़ाना, लैब में प्रयोग करना और वीणा में लीन हो जाना उनकी दिनचर्या थी। उन्होंने संसाधनों की कमी को कभी समस्या नहीं माना, उनका कहना था - "गरीबी और निर्धन प्रयोगशालाओं ने मुझे मेरे सर्वोत्तम कार्य करने के लिये और भी दृढ़ता दी।" सी.वी. रमन के अनुसार उनके जीवन का स्वर्ण समय वर्ष 1919 का था जब उन्हें इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 'मानद प्रोफेसर' व 'मानद सचिव' के रूप में दो पद हासिल हुए।सी.वी. रमन ने स्नातकोत्तर के दौरान प्रकाश के व्यवहार पर आधारित अपना पहला शोध-पत्र लिखा। उन्होंने अपने एक प्रोफेसर को शोध-पत्र पढ़ने के लिये भेजा लेकिन व्यस्तता के कारण उनके प्रोफेसर शोध-पत्र को नहीं पढ़ पाए। इसके बाद रमन ने एक प्रसिद्ध मैगजीन को अपना शोध-पत्र भेज दिया। उनका शोध-पत्र प्रकाशित हुआ और ब्रिटेन के जाने-माने वैज्ञानिक 'बैरन रेले' ने उसे पढ़ा। बैरन रेले गणित और भौतिकी के महान वैज्ञानिक थे। वे रमन के शोध-पत्र से काफी प्रभावित हुए, उन्होंने रमन को पत्र लिखकर उनकी प्रशंसा की। बैरन रेले रमन को प्रोफेसर समझ बैठे थे, उन्होंने रमन को लिखे पत्र में रमन को प्रोफेसर कहकर संबोधित किया था। दरअसल वे शोध-पत्र की मौलिकता एवं निष्कर्ष से इतना प्रभावित हुए थे कि उन्हें लगा- ऐसा शोध-पत्र कोई शानदार प्रोफेसर ही लिख सकता है।सी.वी. रमन की स्पेक्ट्रोस्कोपी को जिक्र डॉ. अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने वर्ष 1929 में रॉयल सोसाइटी के अपने अध्यक्षीय भाषण में किया था। रमन को रॉयल सोसाइटी के द्वारा एकनॉलेज किया गया और उन्हें नाइटहुड की उपाधि भी प्रदान की गई। यानी रमन के कार्यों एवं शोधों की स्वीकार्यता वैश्विक स्तर पर होने लगी थी। इसका लाभ भारत को भी मिला। वर्ष 1921 में सी.वी. रमन जहाज से ब्रिटेन जा रहे थे। उन्होंने भूमध्य सागर में पानी के सुंदर नीले रंग को देखा। उस समय उनको समुद्र के पानी के नीले रंग पर शक हुआ। जब वह भारत वापस आने लगे तो अपने साथ कुछ उपकरण लेकर आए। सी.वी. रमन ने उन उपकरणों की मदद से आसमान और समुद्र का अध्ययन किया। वह इस नतीजे पर पहुँचे कि समुद्र भी सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन करता है, जिससे समुद्र के पानी का रंग नीला दिखाई पड़ता है। उन्होंने ठोस, द्रव और गैस में प्रकाश के विभाजन पर शोध जारी रखा। अंततः वह जिस नतीजे पर पहुँचे- वह रमन प्रभाव कहलाया। जिससे पूरी दुनिया प्रभावित हुई। रमन प्रभाव बताता है कि जब प्रकाश किसी पारदर्शी पदार्थ से होकर गुजरता है तो इस प्रक्रिया में प्रकाश का कुछ हिस्सा स्कैटर कर जाता है। यानी, बिखर जाता है। बिखरे हुए (मार्ग से विक्षेपित) प्रकाश की तरंगदैर्ध्य समान रहती है किंतु उनमें से कुछ हिस्से की प्रकाश की तरंगदैर्ध्य बदल जाती है। इसे रमन प्रभाव से जाना गया। प्रकाश के क्षेत्र में उनके इस कार्य के लिये वर्ष 1930 में उन्हें 'भौतिकी का नोबेल' पुरस्कार मिला। प्रकाश के क्षेत्र में किये गए उनके कार्य का आज भी कई क्षेत्रों में उपयोग हो रहा है। सी.वी. रमन कहते हैं - "मैंने विज्ञान के अध्ययन के लिये कभी भी किसी कीमती उपकरण का उपयोग नहीं किया, मैंने रमन प्रभाव की खोज के लिये शायद ही किसी उपकरण पर 200 रुपए से ज्यादा खर्च किया हो।" रमन स्पैक्ट्रोस्कोपी का इस्तेमाल दुनिया भर की केमिकल लैब्स में होता है, इसकी मदद से पदार्थ की पहचान की जाती है। औषधि के क्षेत्र में कोशिका और ऊतकों पर शोध के लिये व कैंसर का पता लगाने के लिये भी इसका इस्तेमाल होता है।

# शिक्षा में न्यायपालिकाः संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

**ललित गर्ग**

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में "हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका" शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि "किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा" केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें। यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक् विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में "संस्थागत अध्ययन" का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे।

शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा।




**मेष राशिः** ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बनी हुयी है। परिवार के लोगों में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते हैं। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा।

**वृष राशिः** मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा वृष राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जायेगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिला सकता है। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा।

**मिथुन राशिः** सकारात्मक रवैया नौकरी में तरक्की दिलाएगा मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए बदलाव लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आज आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी होगी।

**कर्क राशिः** बिजनेस मीटिंग लाभदायक होगी कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके लिए लाभ के योग हैं। आज आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखें, रिश्ता मजबूत बना रहेगा। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने दूसरे शहर जा सकते हैं।

**सिंह राशिः** किसी पुरानी बात को लेकर उलझन में रहेंगे सिंह राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं, तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को कहीं घूमाने ले जायेंगे। आज आप किसी पुरानी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।

**कन्या राशिः** लंबे समय से फंसा हुआ धन मिलेगा कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**तुला राशिः** अपनी वाणी पर संयम रखना होगा तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। आज आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा।

**वृश्चिक राशिः** धन लाभ की संभावना बढ़ेगी वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन पाजिटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा।

**धनु राशिः** धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। आज आपके परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के अवसर खुलेंगे।

**मकर राशिः** परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला दिन मकर राशि वालों आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुम्भ राशिः** आपका सोचा हुआ काम पूरा होगा कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कार्यों से आज आपको फायदा होगा। आज समाज में आपको मान सम्मान मिलेगा।

**मीन राशिः** आज आपके आय में बढ़ोतरी होगी मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा।

# विकाशित भारत यात्रा में आईआईसीटी व ऑरेंज इकोनॉमी का अंनत सम्भावनाए

**विनोद कुमार सिंह**

विकसित भारत के निर्माण में आईआईसीटी वऑरेंज इकोनॉमी की निर्णायक भूमिका रहेगी। 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारत केवल विकास शील राष्ट्र नहीं,बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर एक नव जागृत सभ्यता बनकर उभर रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प अब शब्द मात्र नहीं,बल्कि ससक्त शक्ति व नीति, तकनीक और नवाचार में परिवर्तित हो चुका है। भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने विश्व को यह संदेश दिया कि भारत अब डिजिटल युग का अनुयायी नहीं, बल्कि वह दिशा-निर्देशक बनने को तत्पर है।जिसकी झलक हमें विकसित भारत के निर्माण में आईआईसीटी व ऑरेंज इकोनॉमी की निर्णायक भूमिका होगी।21वीं सदी के तीसरे दशक में भारत केवल विकास शील राष्ट्र नहीं,बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर एक नव जागृत सभ्यता बनकर उभर रहा है।नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्पअब शब्द मात्र नहीं,बल्कि ससक्त शक्ति व नीति,तकनीक और नवाचार में परिवर्तित हो चुका है।राष्ट्र नव निर्माण के यज्ञ में ऑरेंज इकोनॉमी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी)भारत की रचनात्मक शक्ति, सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता और डिजिटल स्वाधीनता के नए स्तंभ बनकर उभर रहे हैं,जो आने वाले समय में देश को वैश्विक ज्ञान-आधारित महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखते हैं।तभी तो भारत चर्चा और चिंतन का केंद्र बना हुआ है।मोदी स्वयं विकास की बागडोर अपने हाथों में संभाल रखी हैं,तो परिवर्तन की गति तीव्र हो जाती है। मोदी के कुशल नेतृत्व में मिशन मोड में विकसित भारत तेजी से अग्रसर है,हाल ही में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित चार दिवसीय 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान देखने को मिला।इस सम्मेलन ने विश्व को एक मंच पर लाकर भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा न केवल प्रस्तुत की,बल्कि भारत की शर्तों और आवश्यकताओं के अनुरूप अनेक समझौतों को भी मूर्त रूप दिया।इससे यह संदेश गया कि भारत जिस आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है,उसमें ज्ञान और तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था निरंतर विस्तार पा रही है और यही भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा का आधार बनेगी। 21वीं सदी के तीसरे दशक में मोदी सरकार के नेतृत्व में एक नई आर्थिक धारा उभर रही है, जिसे वैश्विक मंच पर "ऑरेंज इकोनॉमी" कहा जाता है।यह अर्थव्यवस्था रचनात्मकता,संस्कृति, डिजिटल मीडिया, मनोरंजन, डिजाइन,गेमिंग और नवोन्मेष पर आधारित है।भारत जैसे युवा और डिजिटल रूप से जुड़ते समाज के लिए यह केवल एक नया उद्योग नहीं,बल्कि आर्थिक और सांस्कृतिक नेतृत्व का अवसर भी है।आज जब दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं ज्ञान आधारित मॉडल की ओर बढ़ रही हैं,तब रचनात्मक उद्योगों की भूमिका पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों से कहीं अधिक निर्णायक होती जा रही है। हम आप को आई आई सी टी के परिसर में रू बरूह कराने की कोशिस कर रहे है।सबसे पहले मै आप से आई आई सी टी केनिदेशक मंडल : - संजय जाजू ,आईएएस, आईआईसीटी बोर्ड के अध्यक्ष।सचिव-सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार,डॉ. आशीष कुलकर्णी निदेशक -पुनर्युग आर्टविज़न,राजन नवानी-अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जेटलाइन ग्रुप ऑफ कंपनीज़, श्रीकर परदेशी मुख्यमंत्री के सचिव,महाराष्ट्र सरकार।मनवेन्द्र शुक्ल-मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लक्ष्य डिजिटल,चंद्रजीत बनर्जी , महानिदेशक-भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई),श्रीमती स्वाति म्हसे पाटिल-आईएएस,प्रबंध निदेशक-है।कार्यकारी टीम में डॉ. विश्वास देवस्कर,मुख्य कार्यकारी अधिकारी( आईआईसीटी के सीईओ),निनाद रायकर-मुख्य

**परिचालन**

-अधिकारी( आईआईसीटी के सीओओ)-टीम सदस्यों के नेतृत्व व निर्देशन कार्य कर रही है। आपको बता दें विगत 19 सितंबर 2024 को भारत सरकार द्वारा एनीमेशन,विजुअल इफेक्ट्स,गेमिंग कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी जैसे क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की घोषणा 391.15 करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन के साथ की गई।यह संकेत था कि नीति-निर्माता रचनात्मक उद्योगों को राष्ट्रीय विकास रणनीति के केंद्र में ला रहे हैं।इसी संदर्भ में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीकी स्थापना एक दूरगामी नीतिगत निर्णय के रूप में देखी जानी चाहिए।सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित इस संस्थान में फिक्की और सीआईआई जैसे उद्योग संगठनों की भागीदारी यह दर्शाती है कि सरकार शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को कम करने के लिए सहयोगात्मक ढांचा तैयार कर रही है और कौशल विकास को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना चाहती है।सर्व विदित रहे कि मुंबई स्थित एनएफडीसी परिसर में 18जुलाई 2025 को आईआईसीटी के संचालन के पहले चरण का उद्घाटन किया गया,जहाँअत्याधुनिक कक्षाओं,हाई-एंड कंप्यूटिंग लैब्स, पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो और स्क्रीनिंग थिएटर जैसी सुविधाओं के साथ संस्थान ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह केवल एक अकादमिक इकाई नहीं,बल्कि उद्योग-समकक्ष प्रशिक्षण मंच बनना चाहता है। माया नगरी के गोरेगाँव फिल्म सिटी में प्रस्तावित दस एकड़ के स्थायी परिसर में इमर्सिव स्टूडियो,एआर/वीआर/ एक्सआर प्रशिक्षण सुविधाएं और वर्चुअल प्रोडक्शन सेट विकसित किए जाने की योजना इस दिशा में एक साहसिक कदम है।यदि यह परियोजना समयबद्ध और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरी होती है,तो यह भारत को वैश्विक क्रिएटिव टेक्नोलॉजी मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र बना सकती है और देश को डिजिटल कंटेंट उत्पादन के वैश्विक हब के रूप में स्थापित कर सकती है।आईआईसीटी की गूगल,मेटा, एनवीआईडीआईए, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल,एडोबी और डब्ल्यूपीपी जैसी वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारियां पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता,तकनीकी अद्यतन और उद्योग संपर्क के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालाँकि,भारत को इन साझेदारियों को केवल उपभोक्ता तकनीक के रूप में नहीं,बल्कि तकनीकी सह- विकास और स्वदेशी नवोन्मेष के अवसर के रूप में उपयोग करना होगा,अन्यथा देश केवल वैश्विक टेक कंपनियों के लिए टैलेंट सप्लायर बनकर रह सकता है।यदि भारत इन सहयोगों के माध्यम से स्वदेशी

**प्लेटफॉर्म,इंजन,सॉफ्टवेयर**

-और कंटेंट फ्रेमवर्क विकसित करता है,तो यह डिजिटल संप्रभुता की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा।इस संस्थान द्वारा प्रस्तावित अठारह विशेषीकृत पाठ्यक्रम और सौ से अधिक छात्रों का नामांकन युवाओं की रुचि को दर्शाता है,किंतु भारत की विशाल जनसंख्या और रोजगार आवश्यकताओं की तुलना में यह संख्या अभी सीमित है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# हम विरोधी गेंदबाजों में डर देखना चाहते थे : तिलक

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में टीम तय करके उतरी थी कि शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बनाया जाये। तिलक के अनुसार हमारी टीम चाहती थी कि विरोध गेंदबाजों के अंदर डर का माहौल बने। जिससे कि वह सटीक गेंदबाजी नह कर पायें। भारतीय टीम ने चेन्नई में हुए इस सुपर-8 मैच में 256 रन बनाकर जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। तिलक ने कहा, हम टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर बात की थी कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी गंवा दें तब भी आक्रामक होकर ही खेलेंगे।

तिलक ने संजू सैमसन की पारी की भी सराहना की। सैमसन ने पारी की शुरुआत करते हुए 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में ही 48 रनों की साझेदारी बनायी। तिलक ने



कहा, जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी मनोबल बढ़ता है। सैमसन ने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद हम विरोधी गेंदबाजों के अंदर डर देखना चाहते थे। और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। उन्होंने कहा, हमने मैच से ठीक पहले बात की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का मनोबल बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी दबाव के अपना स्वाभाविक खेल खेलने को कहा था। उन्होंने कहा, कोच कहा था कि हालात चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीजमें खेली थी।तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और कोच की बातों से बल्लेबाजों के अंदर उत्साह पैदा। उन्होंने कहा, अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं पर इस खेल में मानसिकता भी अहम भूमिका निभाती है। पहले हमारी मानसिकता यह थी कि विकेट गिरने के बाद हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय देते थे पर इस मैच में अहम अगल रणनीति से उतरे। इससे पूरा दबाव विरोधी टीम पर आ गया।

# ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर लगातार तीसरी जीत की तलाश में, पंजाब की नज़र बेंगलुरु के खिलाफ वापसी पर

**एजेंसी, कोलकाता/बेंगलुरु**

ईस्ट बंगाल एफसी आज शाम कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में इंडियन सुपर लीग 2025-26 सीज़न के मैच 16 में जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी। मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे होगी। जबकि दूसरे मैच में बेंगलुरु एफसी, बेंगलुरु स्थित श्री कांतीरवा स्टेडियम में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगा। इस मैच की शुरुआत शाम 19:30 बजे होगी।

**ईस्ट बंगाल एफसी बनाम जमशेदपुर एफसी–** ईस्ट बंगाल एफसी अपनी पिछली भिड़ंत में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली पर 4-1 की शानदार जीत के बाद तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज है। एडमंड लालरिंदिका, मिगेल फिगुएरा और यूसुफ एजेज्जारी (दो गोल) की बदौलत रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने आसान जीत दर्ज की।

दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मुकाबलों में छह-छह अंक अर्जित किए हैं। ऐसे में इस मुकाबले का विजेता अस्थायी रूप से तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करेगा। घरेलू मैदान पर जीत की लय बरकरार रखने की आवश्यकता पर ईस्ट बंगाल एफसी के मुख्य कोच ऑस्कर ब्रूज़ोन ने कहा,"हमारा सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य तीन अंक हासिल करना है, लेकिन हम यह अपने खेल की पहचान और उच्च स्तर के प्रदर्शन के



साथ करेंगे। जमशेदपुर ट्रांज़िशन में मजबूत है, सेट-पीस पर खतरनाक है और बेहद संगठित टीम है, इसलिए हमें पूरे 90 मिनट एकाग्र और अनुशासित रहना होगा।" मिडफील्डर साउल क्रेस्पो ने कहा, "वे एक मजबूत टीम हैं। हम उनके कुछ खिलाड़ियों और उनकी गुणवत्ता को जानते हैं। उनके कोच से भी परिचित हैं। यह कठिन मुकाबला होगा, लेकिन इस सीज़न में हम एक टीम के रूप में आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। हमने शानदार शुरुआत की है और घरेलू दर्शकों के समर्थन से इसी लय को जारी रखना चाहते हैं।" जमशेदपुर एफसी फिलहाल छह अंकों के साथ गोल अंतर के आधार पर चौथे स्थान पर है। 'मेन ऑफ स्टील' ने अपने पिछले मुकाबले में पंजाब एफसी को 1-0 से हराया था, जिसमें विंसी बारेटो ने 78वें मिनट में निर्णायक गोल किया। टीम ने लगातार दूसरी क्लीन शीट दर्ज की और अब वे अपनी मजबूत रक्षात्मक संगठन क्षमता को बरकरार रखते हुए आक्रामक शुरुआत करने वाली ईस्ट बंगाल टीम का सामना करेंगे। ईस्ट बंगाल के घरेलू समर्थन को स्वीकार करते हुए जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा, "कोलकाता में ईस्ट बंगाल के खिलाफ यह बड़ा मुकाबला है। वे शानदार इतिहास और इस सीज़न भारी निवेश वाली टीम हैं। ऑस्कर ब्रूज़ोन मेरे अच्छे मित्र और बेहतरीन कोच हैं, लेकिन मैच के दौरान हम दोनों जीत के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उनके पास मजबूत भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और प्रतिभाशाली विदेशी खिलाड़ी हैं। हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।" उन्होंने आगे कहा, "हमेशा तीन-चार गोल करना जरूरी नहीं होता; अनुशासन, कड़ी मेहनत और परिणाम हासिल करना महत्वपूर्ण है। दो मैचों में छह अंक और दो क्लीन शीट इस टीम के चरित्र को दर्शाते हैं।" मिडफील्डर प्रणय हलदर ने कहा, "ड्रेसिंग रूम का मनोबल बहुत ऊंचा है। हम एक-दूसरे और अपने कोचिंग स्टाफ पर भरोसा करते हैं। यदि हम इसी मानसिकता और जुझारूपन के साथ आगे बढ़ते रहे, तो इस सीज़न कुछ खास हासिल कर सकते हैं।" ईस्ट बंगाल जहां घरेलू मैदान पर खेल की गति नियंत्रित करना चाहेगी, वहीं जमशेदपुर कॉम्पैक्ट रहते हुए ट्रांज़िशन का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। तीन महत्वपूर्ण अंकों की होड़ इस मुकाबले को रोमांचक बनाएगी।

# पीठ दर्द के कारण भारत सीरीज से बाहर हुईं सोफी मोलिनेक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ जारी बहु-प्रारूप सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें निचले हिस्से की पीठ में दर्द (लोअर बैक पेन) की शिकायत है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। 28 वर्षीय मोलिनेक्स ने ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि दूसरे वनडे (होबार्ट) में वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। मोलिनेक्स की चोट के कारण अगले महीने होने वाली वेस्टइंडीज सीरीज में उनकी भागीदारी पर भी संशय पैदा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया



ने स्पष्ट किया है कि उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

**हाल ही में बनीं थीं ऑस्ट्रेलिया की कप्तान–** पिछले महीने सोफी मोलिनेक्स को सभी प्रारूपों के लिए ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान नियुक्त किया गया था। वह दिग्गज खिलाड़ी एलिसा हीली की जगह संभालने वाली थीं, जिन्होंने भारत सीरीज के बाद संन्यास लेने का फैसला किया है। मोलिनेक्स ने भारत के खिलाफ तीन टी20 मैचों में टीम की अगुवाई भी की थी, जब हीली टीम में शामिल नहीं थीं। टॉस के दौरान एलिसा हीली ने कहा कि मोलिनेक्स की चोट की खबर सभी के लिए चौंकाने वाली और निराशाजनक रही। उन्होंने टीम से अपील की कि वह चोटिल खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ी रहे।

**चोटों से जूझता रहा है करियर–** सोफी मोलिनेक्स का करियर पहले भी कई चोटों से प्रभावित रहा है। वह 2022 की एशेज और वनडे विश्व कप में पैर की चोट के कारण नहीं खेल सकीं। उसी वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों से भी बाहर रहीं। 2023 टी20 विश्व कप में वह एसीएल चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाईं। हाल ही में 2025 वनडे विश्व कप (भारत और श्रीलंका) के दौरान उनकी वापसी को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया था, क्योंकि वह घुटने की चोट से उबर रही थीं।

# अभिषेक के फार्म हासिल करने पर युवराज ने खुशी जतायी

» **बोले बल्ले से ही आता है असली जवाब**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह टी20 विश्वकप में अपने शिष्य अभिषेक शर्मा की शानदार पारी से बेहद खुश हैं। अभिषेक इस टूर्नामेंट में पहली बार अच्छी पारी खेलने में सफल रहे हैं। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-आठ में 55 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं शुरुआती तीन लीग स्तर के मैचों में वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये थे जबकि सुपर-8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 रन ही बना पाये थे। ऐसे में वह प्रशंसकों के निशाने पर थे। वहीं अब अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शर्मा ने 30 गेंद में 55 रन बनाकर लय हासिल की है। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के भी जड़े। सेमीफाइनल से ठीक पहले



अभिषेक के फार्म में आने से उनके गुरु युवराज बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिय में लिखा, अच्छी पारी सर अभिषेक, जारी रखो। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ संभलकर खेला पर अवसर मिलते हुए बड़े शॉट भी लगा दिये। इस बल्लेबाज ने हर गेंद पर बड़े शॉट लगाने की जगह पर स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया जिससे भी उन्हें लाभ हुआ। इसी को देखते हुए युवराज ने लिखा, असली जवाब तब होता है जब आप अपने बल्ले को ही सारी बात करने देते हैं। अच्छी पारी, सर अभिषेक। ऐसे ही लगे रहिए।

# टी20 विश्व कप के बीच रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का लीवर कैंसर से निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज़ रिंकू सिंह के पिता खचंद्र सिंह का आज सुबह करीब 4 बजकर 36 मिनट पर स्टेज-4 लीवर कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन हो गया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां हाल के दिनों में उनकी तबीयत बेहद नाजुक हो गई थी और उनका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार खचंद्र सिंह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे और उनकी हालत स्थिर करने के लिए डॉक्टर लगातार रीनल थेरेपी दे रहे थे। गहन चिकित्सा के बावजूद उनकी सेहत में तेजी से गिरावट आई और अंततः उनका निधन हो गया।

**विश्व कप ड्यूटी के बीच निजी क्षति–** यह दुखद घटना उस समय हुई जब रिंकू सिंह भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप में व्यस्त थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले से पहले जब उनके पिता की हालत बिगड़ी थी, तब वह घर लौटे थे। बाद में वह चेन्नई में टीम से दोबारा जुड़ गए थे। हालांकि पिता के।निधन के बाद वो वापस घर लौट गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में रिंकू सिंह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। टीम संयोजन में बदलाव करते हुए संजू सैमसन और अक्षर पटेल को शामिल किया गया था। संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में मौका मिला, ईशान किशन को नीचे भेजा गया और तिलक वर्मा को फिनिशर की भूमिका सौंपी गई। हालांकि रिंकू मैदान पर बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी टीम के साथ मौजूद रहे। टूर्नामेंट



में अब तक रिंकू सिंह पांच मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 24 रन बनाए हैं और फिनिशर की अपनी निर्धारित भूमिका निभाई है।

**आगे खेलेंगे या नहीं, संशय बरकरार–** भारत को अब कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है, जो लगभग नॉकआउट जैसा है। ऐसे में रिंकू सिंह की उपलब्धता को लेकर संशय बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड या टीम प्रबंधन की ओर से अभी तक उनकी भागीदारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीम इंडिया जहां एक ओर महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रही है, वहीं खिलाड़ी अपने साथी के इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं।

**हरभजन सिंह ने जताई संवेदना–** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा, "श्री खचंद्र सिंह जी के निधन का समाचार सुनकर बेहद दुख हुआ।

## व्यापार

# शेयर बाजार में ब्लैक फ्राइडे, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन आज घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद मंदड़ियों ने बिकवाली का दबाव बना दिया, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.17 प्रतिशत और निफ्टी 1.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह मेटल, टेलीकॉम, रियल्टी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी और मीडिया सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.14 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पांच करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 463.51 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468.49 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.98 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,369 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,666 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,521 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 182 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,896 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 975 शेयर मुनाफा कमा



कर हरे निशान में और 1,921 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 4 शेयर हरे निशान में और 46 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 28.13 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 82,220.48 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बाजार पर मंदड़िये पूरी तरह से हावी हो गए। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स की चाल लगातार कमजोर होती गई। खासकर, आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के बेनतीजा समाप्त होने की खबर आते ही बिकवाली काफी तेज हो गई। थोड़ी ही देर में सेंसेक्स 1,089.46 अंक की बड़ी गिरावट का शिकार होकर 81,159.15 अंक के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 125 अंक से अधिक रिकवरी कर 961.42 अंक की कमजोरी के साथ 81,287.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 36.70 अंक लुढ़क कर 25,459.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले यह सूचकांक 355.25 अंक फिसल कर 25,141.30 अंक के स्तर तक गिर गया।

# नई कुशाक फेसलिफ्ट की डिलीवरी मिलेगी मार्च से

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र स्थित पुणे के चाकन प्लांट में स्कोडा ने अपडेटेड कुशाक फेसलिफ्ट का उत्पादन शुरू कर दिया है। नई कुशाक की डिलीवरी मार्च 2026 से शुरू होगी, जबकि बुकिंग पहले से ओपन हैं। 2021 में लॉन्च होने के बाद यह मॉडल पहली बार बड़े अपडेट के साथ आ रहा है, जिसमें डिजाइन से लेकर टेक फीचर्स तक कई बड़े बदलाव किए गए हैं। नई कुशाक स्कोडा की 'मॉडर्न सॉलिड' डिजाइन लैंग्वेज को अपनाती है। फ्रंट में नया बोल्ड ग्रिल, क्रोम एक्सेंट्स, स्लिम एलईडी हेडलाइट्स और ग्रिल के ऊपर फैली फुल-विड्थ एलईडी डीआरएल लाइट बार एसयूवी को ज्यादा आधुनिक लुक देती है। साइड में 17-इंच अलॉय व्हील्स और मोटी ब्लैक क्लैडिंग इसे मस्कुलर अपील देती है। रियर सेक्शन में कनेक्टेड एलईडी टेललाइट्स, नया स्किड प्लेट, स्पॉइलर और इल्यूमिनेटेड स्कोडा लोगो शामिल हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरामिक सनरूफ स्टैंडर्ड दिया गया है, जिससे इसका प्रीमियम फील और बढ़ जाता है। इंटीरियर में लेआउट भले ही परिचित है, लेकिन मैटेरियल क्वालिटी और फीचर्स को अपडेट किया गया है। लेदरेट सीट्स, इलेक्ट्रिक एडजस्टेबल फ्रंट सीट्स, वेंटिलेशन और सेगमेंट-फर्स्ट रियर सीट मसाजर इसे और आकर्षक बनाते हैं। 10.1 इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25 इंच डिजिटल क्लस्टर, स्कोडा साउंड सिस्टम, ऑटो क्लाइमेट कंट्रोल और गूगल-पावर्ड एआई कंपैनियन इसकी टेक अपील को मजबूत करते हैं। फीचर्स की बात करें तो इसमें वायरलेस चार्जिंग,




360 डिग्री कैमरा (टॉप वेरिएंट), रेन-सेंसिंग वाइपर, ऑटो आईआरवीएम, वेंटिलेटेड सीट्स और कूल्ड ग्लव बॉक्स जैसी सुविधाएं शामिल हैं। सभी वेरिएंट्स में 6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड हैं, साथ ही 25 सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं। इंजन विकल्प में पहले जैसा ही 1.0 टीएसआई और 1.5 टीएसआई सेटअप मिलता है। 1.0 टीएसआई इंजन 115 पीएस पावर और 178 एनएम टॉर्क देता है, जिसे 6-स्पीड मैनुअल या नए 8-स्पीड ऑटोमैटिक के साथ खरीदा जा सकता है। वहीं 1.5 टीएसआई इंजन 150 पीएस पावर और 250 एनएम टॉर्क के साथ 7-स्पीड डीएसजी और एक्टिव सिलिंडर टेक्नोलॉजी प्रदान करता है। माइलेज क्रमशः लगभग 19.76 केएमपीएल और 18 केएमपीएल बताया गया है। नई 8 एटी यूनिट ड्राइविंग को और स्मूद बनाने का वादा करती है। कंपनी फरवरी के अंत तक इसकी कीमतों की घोषणा करेगी, जिनके रुपए 11 लाख से रुपए 19 लाख (एक्स-शोरूम) के बीच रहने का अनुमान है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा हरित बॉन्ड के जरिए जुटाएगा 10 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) हरित अवसंरचना बॉन्ड जारी कर 10 हजार करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रहा है। इन बॉन्ड की अवधि सात वर्ष होगी। बाजार सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इसमें अधिक



बोली आने पर 5 हजार करोड़ रुपये तक की बोली रखने (ग्रीन शू) का विकल्प शामिल होगा, जिससे कुल निर्गम आकार 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। बॉन्ड निर्गम के लिए बोली 4 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रोवाइडर (ईबीपी) मंच पर आयोजित की जाएगी। आधार निर्गम आकार 5,000 करोड़ रुपये है। इन बॉन्ड की अवधि सात वर्ष होगी। यह पांच मार्च 2033 को परिपक्व होंगे। भुगतान एवं आवंटन की तिथि पांच मार्च 2026 निर्धारित है। बॉन्ड पर वार्षिक ब्याज भुगतान होगा और इन्हें बंद बोली प्रक्रिया के जरिए समान प्रतिफल आधार पर आवंटित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन की न्यूनतम राशि एक लाख रुपये है और उसके बाद एक लाख रुपये के गुणकों में बोली लगाई जा सकेगी।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये से लेकर 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,340 रुपये से लेकर 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,61,820 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति



10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रही इलेक्ट्रिक बाइक्स

**नई दिल्ली।** पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतें और पर्यावरण को लेकर जागरूकता युवाओं को तेजी से इलेक्ट्रिक बाइक्स की ओर खींच रही है। आधुनिक ई-बाइक्स आकर्षक डिजाइन, प्रभावशाली परफॉर्मेंस और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ आती हैं, जो रोज़ाना कॉलेज और सिटी राइड के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। एडीएमएस डीबी जैसे मॉडल रेंज और स्पीड के दमदार कॉम्बिनेशन के लिए जाने जाते हैं। करीब 95 किमी/घंटा की टॉप स्पीड और लंबी रेंज इसे डेली यूज़ के लिए उपयुक्त बनाती है। टीएफटी डिस्प्ले, नेविगेशन, कॉल-अलर्ट, रिवर्स मोड और फास्ट चार्जिंग जैसे फीचर्स इसे छात्रों के लिए सुविधाजनक विकल्प बनाते हैं। ओला इलेक्ट्रिक रोडस्टेर एक्स प्लस अपने फ्यूचरिस्टिक



और स्पोर्टी डिजाइन की वजह से युवाओं के बीच खास आकर्षण रखता है। मल्टीपल राइड मोड, रीजनरेटिव ब्रेकिंग, एलईडी लाइटिंग और ऐप कनेक्टिविटी इसे हाई-टेक अनुभव पसंद करने वाले स्टूडेंट्स के लिए बेहतरीन विकल्प बनाते हैं। ओकिनावा आईप्राइज प्लस हल्के वजन और आरामदायक राइड के चलते शहर में रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए उपयुक्त मानी जाती है। डिजिटल कंसोल, जियो-फेंसिंग, एंटी-थेफ्ट अलर्ट जैसे फीचर्स इसे सुरक्षित और भरोसेमंद बनाते हैं।

# ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज, प्यार-पागलपन और जुनून की दिखी झलक



भारतीय अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म इश्कां दे लेखे का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। अभिनेत्री रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इश्कां दे लेखे का ट्रेलर स्पीड रिकॉर्ड्स, पैनोरमा स्टूडियोज और डायमंडस्टार वर्ल्डवाइड यूट्यूब चैनलों ने आपस में कोलैबोरेशन के तहत अपलोड किया है, जिनके चैनलों पर कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी इश्कां दे लेखे का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है। प्रतिभाशाली मनवीर बरार द्वारा निर्देशित, इश्कां दे लेखे बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। लेख और सुर्खी भिंडी जैसी लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद गुरनाम भुल्लर एक और उत्कृष्ट कृति के साथ वापसी कर रहे हैं और यह फिल्म किसी जादू से कम नहीं है। यह नई पंजाबी फिल्म प्यार की कहानी है और पंजाबी सिनेमा की सदाबहार क्लासिक बनने के लिए तैयार है। ट्रेलर की शुरुआत एक यूनिवर्सिटी की बेल से होती है, जिसके बाद गुरनाम भुल्लर का सीन दिखाया जाता है और एक दमदार पंजाबी रोमांटिक डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, जदो प्यार हद से गुजर जाए, उने मोहब्बत कहते हैं। जदो मोहब्बत हद से गुजर जाए, उनो पागलपन कहते हैं। पर जदो पागलपन हद से गुजर जाए, तो... इसके बाद ट्रेलर में एक रोमांटिक पंजाबी गाना सुनने को मिलता है और सीन में ईशा मालवीय परीक्षा हॉल में बैठी नजर आ रही है। मूवी में अभिनेत्री (जसनीत) का किरदार निभा रही हैं। इसके बाद आगे ट्रेलर में एक और डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, कई बार कुड़िया दा पहला प्यार, बहुतों ने प्यार कर चुके होते हैं। ट्रेलर में एक के बाद एक कई बेहतरीन डायलॉग सुनने को मिलते हैं और यह एक डायलॉग के साथ समाप्त भी होता है, जहां कहा जाता है, जे रब सानु प्यार करने वाले ने पागल बना सकता है, तो क्या प्यार करने वाले रब नू थोड़ा सा पागल नहीं बना सकते हैं क्या? ट्रेलर में ईशा मालवीय और गुरनाम भुल्लर की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 2 मिनट 25 सेकेंड के ट्रेलर में लव, हेट, प्यार, पागलपन, जुनून और बर्बादी के साथ कई लाजवाब सीन देखने को मिलते हैं। फैंस मूवी के ट्रेलर को काफी पसंद कर रहे हैं और कुछ ही घंटे में चैनल पर हजारों व्यूज आ चुके हैं। वहीं, कमेंट का सिलसिला लगातार जारी है। इश्कां दे लेखे मूवी सिनेमाघरों में 6 मार्च को रिलीज होने वाली है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में ईशा मालवीय और गुरनाम भुल्लर के अलावा राणा रणबीर, मिंटू कप्पा, बलविंदर बुलेट, गुरलीन चोपड़ा, गुरप्रीत रंधावा, जसबीर गिल, मोहनी तूर, बाबर खान, कवि सिंह, शनाया खन्ना, मनिंदर वेली, अर्शदीप कौर भट्टी, डेवी सिंह, सीरत प्रीत, रंग हरजिंदर, पुष्पक चौंटा, हेजल सप्रा और अर्शदीप सिंह गिल जैसे कलाकार भी पर्दे पर अपने अभिनय का जादू बिखेरेंगे। इस फिल्म की कहानी जस्सी लोहका ने लिखी है और गुरनाम भुल्लर मूवी के निर्देशक हैं। वहीं, कार्यकारी निर्माता जसविंदर लाहरी हैं।




## बॉक्स ऑफिस पर 11वें दिन ओ रोमियो की घटी कमाई, शॉकिंग हैं 11वें दिन का कलेक्शन

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर रोमांटिक-एक्शन थ्रिलर 'ओ रोमियो को थिएटर में रिलीज़ होने के बाद से दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है, यह ट्रेंड इसके ओवरऑल बॉक्स ऑफिस पर फॉर्मेंस में साफ तौर पर दिखा है. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक परफॉर्म कर रही है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे मंडे को कितनी कमाई की है. सिनेमाघरों रिलीज होने के बाद विशाल भारद्वाज निर्देशित, ओ रोमियो ने अपनी लीड जोड़ी और दमदार कहानी की वजह से लोगों को अपनी ओर खींचा. हालांकि, वर्ड ऑफ़ माउथ बंटा हुआ रहा, जिससे कई सर्किट में इसे थिएटर में ठंडा रिस्पॉन्स मिला. फिर वीकेंड में ये लोगों को सिनेमाघरों में खींचने में कामयाब रही. हालांकि फिर वीकडेज में इसके कलेक्शन में उतार-चढ़ाव दिखा जिसके चलते ये बंपर कमाई नहीं कर पाई. लेकिन दूसरे वीकेंड पर इसकने कमाई में थोड़ी तेजी जरूर दिखाई. अब दूसरे मंडे फिर इसके कलेक्शन में मंदी देखी जा रही है.. इस बीच फिल्म की कमाई की बात करें तो 'ओ रोमियो ने रिलीज के पहले हफ्ते में 47.1 करोड़ कमाए थे. इसके बाद इस फिल्म ने 8वें दिन 2.15 करोड़, 9वें दिन 3.4 करोड़ और 10वें दिन 3.15 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'ओ रोमियो ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे मंडे को 1.65 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'ओ रोमियो की 11 दिनों की कुल कमाई अब 57.45 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर 'दो दीवाने सहर में रवि उदयवार द्वारा निर्देशित एक रोमांटिक ड्रामा है. संजय लीला भंसाली द्वारा प्रोड्यूस, ये फिल्म प्यार, पहचान और इमोशनल ग्रोथ की थीम पर बेस्ड है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क के मुताबिक, इसने पहले दिन लगभग 1.25 करोड़ से थिएटर में अपनी शुरुआत की थी. फिर वीकेंड में इसने थोड़ी तेजी दिखाई. जहां शनिवार को फिल्म ने 20 फीसदी के उछाल के साथ 1.5 करोड़ कमाए तो रविवार को इसने 3.33 फीसदी की मंदी के साथ 1.45 करोड़ का कलेक्शन किया वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक दो दीवाने सहर में ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को 0.65 करोड़ कमाए हैं. इसके बाद इस फिल्म की 4 दिनों की टोटल कमाई अब 4.85 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं अनुभव सिन्हा और तापसी पन्नू अस्सी के लिए फिर से साथ आए हैं. ये फिल्म एक और सामाजिक मुद्दे पर आधारित है और ये कोर्टरूम कहानी है. हालांकि, भरोसेमंद जोड़ी के बावजूद, फिल्म को टिकट काउंटर पर ज़्यादा कमाई करने में मुश्किल हो रही है. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, अस्सी ने पहले दिन 1 करोड़ से ओपनिंग की की. इसके बाद वीकेंड में फिल्म ने थोड़ा सुधार दिखाया और इसने शनिवार को 1.6 करोड़ और रविवार को भी 1.6 करोड़ कमाए, इसके साथ, 3 दिन के ओपनिंग वीकेंड का टोटल 4.2 करोड़ हो गया. अब अपने पहले वीकडे टेस्ट का सामना करते हुए इसके कलेक्शन के नंबर फिर से कम हो गए हैं. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को यानी रिलीज के चौथे दिन 0.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ इस फिल्म की 4 दिनों की कुल कमाई अब 4.95 करोड़ रुपये हो गई है.




## आंखों पर काला चश्मा और गले में रुद्राक्ष की माला, 'भूत बंगला से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक




अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। यही कारण है कि फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं। इस पर बैठे अक्षय कुमार भी मुंह फैलाए हुए हैं। आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं। जबकि एक हाथ में वो माला जप भी रहे हैं। एक लुंगी या धोती जैसी पहने अक्षय कुमार शर्टलेस नजर आ रहे हैं। अक्षय का ये लुक किसी तांत्रिक से मिलता-जुलता मालूम पड़ता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने एक मजेदार कैप्शन भी दिया है। कैप्शन में लिखा गया, 'दस को देंगे दस्तक, इंतजार करो तब तक। मस्ती शुरू होने दो। इसके साथ ही मेकर्स ने एक बार फिर से फिल्म की रिलीज डेट भी याद दिलाई है, जो 10 अप्रैल है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित 'भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## डांस अक्रॉस द वर्ल्ड दे रहा लोकनृत्य को नया मंच, रूस की परंपराएं से रुबरू कराएंगी शक्ति मोहन




आज के दौर में, जब ग्लोबलाइजेशन के नाम पर लोककलाएं और पारंपरिक नृत्य धीरे-धीरे हाशिए पर जाते दिख रहे हैं, ऐसे समय में कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो इन्हें दुनिया के सामने नए अंदाज में पेश कर रहे हैं। इसी सोच और जुनून के साथ भारतीय डांस जगत की जानी-मानी कलाकार शक्ति मोहन अपने खास यूट्यूब प्रोजेक्ट डांस अक्रॉस द वर्ल्ड के जरिए एक वैश्विक सांस्कृतिक सफर पर निकली हैं। उनका यह सफर सिर्फ देशों की सीमाएं पार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अलग-अलग सभ्यताओं को समझने और उन्हें आज की युवा पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश भी है। हाल ही में शक्ति मोहन ने डांस अक्रॉस द वर्ल्ड का नया एपिसोड लॉन्च किया, जिसमें वह रूस की समृद्ध और शक्तिशाली लोकनृत्य परंपराओं को एक्सप्लोर करती नजर आईं। इस खास एपिसोड की लॉन्चिंग में उनके करीबी दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उनके इस विजन की खुलकर तारीफ की। डांस अक्रॉस द वर्ल्ड को शक्ति मोहन ने ड्रीम प्रोजेक्ट बताया और कहा, मैं इसके जरिए हजारों साल पुरानी लोकनृत्य शैलियों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाना चाहती हूं। इस शो का पहला सीजन कई देशों की यात्रा पर आधारित रहा, जहां मैंने अलग-अलग संस्कृतियों के पारंपरिक नृत्यों को न सिर्फ सीखा, बल्कि उन्हें दर्शकों के सामने पेश भी किया। शक्ति मोहन ने कहा, दुनिया में कई ऐसी नृत्य परंपराएं हैं, जो बेहद सुंदर होने के बावजूद धीरे-धीरे गुमनाम होती जा रही हैं। इन कला रूपों को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें आज के युवाओं के सामने इस तरह पेश किया जाए, जिससे वे उनसे जुड़ाव महसूस करें। मेरे लिए यह शो दिल के बेहद करीब है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपने दो सबसे बड़े प्यार, यानी ट्रैवल और डांस, को एक साथ जीने का मौका मिल रहा है। रूस के लोकनृत्य को शक्ति मोहन ने अपने करियर के सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक बताया। उन्होंने कहा, रूसी डांस अपनी तकनीक, गति और भाव-भंगिमा के मामले में बेहद अनोखा है। एक भारतीय डांसर के तौर पर मुझे यह बेहद खास लगा। मुझे भरतनाट्यम जैसी शास्त्रीय नृत्य शैली पसंद है, जिसमें पैरों की जटिल थाप और सटीक मुद्राओं का अहम रोल होता है, जबकि रूसी डांस की भाषा बिल्कुल अलग है। इसी वजह से इसे कम समय में सीखना और मंच पर उतारना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने कहा, रूस में मुझे लोगों का अपनापन सबसे ज्यादा यादगार रहा। वहां की एक रूसी कोरियोग्राफर मेरी मेहनत और समर्पण से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने मुझे पारंपरिक हेडगियर गिफ्ट किया। यह तोहफा मेरे लिए दो संस्कृतियों के बीच बने सम्मान और जुड़ाव का प्रतीक है। भले ही भारतीय और रूसी डांस की शैलियां अलग हों, लेकिन उनमें खूबसूरत फ्यूजन की संभावनाएं मौजूद हैं।



## रियलिटी शो द 50 से बाहर आने के बाद मोनालिसा का दिखा ग्लैमरस अंदाज, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

भोजपुरी सिनेमा और हिंदी टीवी सीरियल्स की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा आज के समय में एक जाना-माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के अलावा शानदार डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने 125 से अधिक भोजपुरी फिल्मों के साथ-साथ हिंदी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु मूवी में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। मोनालिसा हाल ही में देश के एक नए और यूनिक रियलिटी शो द 50 से बाहर आई हैं, जिसमें उन्होंने पहली बार अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ एक प्रतियोगी के रूप में भाग लिया था। द 50 शो के पैलेस से बाहर आने के बाद मोनालिसा का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिल रहा है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम से कुछ बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कीं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, डोपामाइन... बेहद जरूरी। मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है, जिनका जन्म 21 नवंबर 1982 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। अभिनेत्री ने 17 जनवरी, 2017 को देश के सबसे बड़े टीवी रियलिटी शो बिग बॉस हाउस में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ शादी की, जो कि खुद एक प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेता हैं। मोनालिसा ने बिग बॉस 10 और टीवी सीरियल नजर में मोहना राठौड़ के रूप में बड़ी पहचान बनाई। नजर में उनके डायन के किरदार को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसी के साथ भोजपुरी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में एक मशहूर हस्ती बना दिया। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड व स्टाइलिश तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस भोजपुरी इंडस्ट्री की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनका नाम सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस में शामिल है। वहीं, मोनालिसा की भोजपुरी जर्नी की बात करें, तो उन्होंने इंडस्ट्री के सबसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है, जिनमें पवन सिंह, मनोज तिवारी और निरहुआ जैसे सितारों के नाम शुमार हैं।



## गैंगस्टर बनकर नानी ने उड़ाया गर्दा, रिलीज हुआ फिल्म ब्लडी रोमियो का टीजर




साउथ के सुपरस्टार नानी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उनके जन्मदिन पर एक धमाकेदार ऐलान हुआ। उन्हें डायरेक्टर सुजीत की नई फिल्म ब्लडी रोमियो में लीड रोल मिला है। फिल्म का स्टाइलिश एनिमेटेड टीजर रिलीज हुआ, जिसमें नानी एक तेज-तर्रार नंबर वन गैंगस्टर के रूप में दिखे। फिल्म की शूटिंग समर 2026 से शुरू होगी। यह नानी और सुजीत की पहली फिल्म है। 2026 में नानी और विजय देवरकोंडा की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने वाली है। दोनों की गैंगस्टर ड्रामा फिल्में क्रिसमस के आसपास रिलीज हो सकती हैं। नानी की ब्लडी रोमियो क्रिसमस 2026 में आएगी, जबकि विजय की राउडी जनाधारणा भी उसी समय आने की संभावना है। ब्लडी रोमियो का यह 108 सेकंड का वीडियो देखते ही बनता है. नानी का इंटेंस लुक, ब्लैक आउटफिट में बंदूक थामे, चारों ओर तबाही का मंजर, जैसे कोई एक्शन हीरो स्ट्रीट्स पर तहलका मचा रहा हो. वीडियो में एनिमेटेड स्टाइलिश ग्लिम्प्स है, जहां नानी एक ऐसे कैरेक्टर में हैं जो बाहर से शांत-रोमांटिक दिखता है लेकिन अंदर से खतरनाक गैंगस्टर है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नानी एक गैंगस्टर का रोल प्ले कर रहे हैं जो शेफ के भेष में रहता है. किचन टू स्ट्रीट्स वाली लाइन इसी कॉन्सेप्ट को हाईलाइट करती है, जहां किचन की गर्मी (खाने की) से लेकर गलियों की गर्मी (एक्शन-गैंगवार) तक सब कुछ है. साहो और ओजी जैसी बड़ी फिल्में बना चुके सुजीत इस प्रोजेक्ट को पैन-इंडियन लेवल पर ले जा रहे हैं.

## द केरल स्टोरी 2 पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची, लगे 16 कट, लिप लॉक सीन किए कम




द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड अपने ट्रेलर रिलीज के बाद से ही विवादों से घिरा हुआ. फिल्म के खिलाफ रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई हैं. इसी बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को /र 16+ सर्टिफिकेशन के साथ पास कर दिया है. हालांकि मेकर्स को फिल्म में 16 कट्स लगाने या बदलाव करने को कहा है. रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड के मेकर्स को फिल्म में लगभग 16 कट या बदलाव करने के लिए कहा है. किसिंग विजुअल्स और रेप सीन को 50 प्रतिशत कम कर दिया गया. एक लिप-लॉक सीन को 7 सेकंड कम करने के लिए कहा गया. रेप सीन को 20 सेकंड छोटा कर दिया गया. एक सीन, जिसमें एक महिला को थप्पड़ मारा जा रहा है, और दूसरा सीन जिसमें एक महिला के सिर पर मारा जा रहा है, दोनों को 2 सेकंड कम कर दिया गया. एक सीन में जहां आरोपी का घर बुलडोजर से गिराया जा रहा है, सीबीएफसी ने उसे बदलने के लिए कहा गया. इसके अलावा उन्होंने तीन डायलॉग बदलने और एक शब्द म्यूट करने के लिए कहा गया. तमाम कट और बदलावों के अलावा, फिल्म बनाने वालों से एक डिस्क्लेमर जोड़ने के लिए कहा गया है, जिसमें यह लिखा हो कि द केरल स्टोरी 2 सच्ची घटनाओं पर आधारित है. उनसे यह भी कहा गया कि डिस्क्लेमर टेक्स्ट को स्क्रीन पर 2 मिनट और 3 सेकंड ज्यादा देर तक रहने दें, और उसके साथ एक वॉइस-ओवर भी शामिल करें. सीबीएफसी ने मेकर्स को डायलॉग के साथ पूरी स्क्रिप्ट सबमिट करने को कहा है.

# PM Modi questions NCERT lapse, Pradhan vows action





**NEW DELHI, Agency:** Union education minister Dharmendra Pradhan on Thursday vowed to take action against those responsible for the reference to judicial corruption in an NCERT textbook, amid indications of Prime Minister Narendra Modi's unhappiness over what he considers to be a grave lapse.Modi is learnt to have flagged the controversial inclusion of corruption among judiciaries in the theme dealing with problems facing administration of justice in the new NCERT Class VIII social science texbook. "What are we teaching Class VIII children about judicial corruption?" sources quoted the PM as saying at the meting of the Union Cabinet on Tuesday.

As the NCERT scrambled to stem the fallout from the Supreme Court's fury over the issue, taking off the book's e-version from its website and figuring out ways to get hold of the 32 hard copies that had been sold, Pradhan offered an unconditional apology.

He affirmed respect for the judiciary while promising to fix accountability and take action against those who drafted the controversial chapter. The issue centres on Chapter 4 - "Role of the Judiciary in Our Society" - in the new social science textbook (Part 2) brought out by the National Council of Educational Research and Training (NCERT). Edited by Michel Danino and Alok Prasanna, the chapter listed corruption, massive case pendency and shortage of judges as challenges faced by the judicial system. The controversy escalated on Thursday when the Supreme Court observed that there appeared to be a "well-orchestrated conspiracy" to defame the judiciary and imposed a "blanket ban" on the NCERT book, ordering that all physical and digital copies be seized. Meanwhile, NCERT, when asked, said the e-version of the textbook was "not uploaded online".

"Thirty-two physical copies were sold before distribution was halted" - a figure also cited by the solicitor general in court. The council to a question on how it was tracking and recalling the already-sold books, a senior NCERT official said, "As all the books have been sold through NCERT depots, they were tracked and majority of them have been already recalled." The chapter will now be rewritten in consultation with appropriate authorities and made available from the 2026-27 academic session.

On the top court's observations, Pradhan said he was "deeply saddened by what had happened, stressed that there was no intention to insult the judiciary" and added that "an inquiry would be conducted to identify those responsible". He added that circulation of the textbooks was immediately put on hold once the issue came to light and that the govt would fully comply with the Supreme Court's directions.

Following stern remarks from the SC that it would not allow "anyone on earth" to tarnish the judiciary's integrity, NCERT pulled the textbook from its website. The council on Wednesday apologised for "inappropriate content" and said the chapter would be rewritten in consultation with appropriate authorities before being reissued, even as officials said tighter review mechanisms for future textbooks are now being examined.

## Sengar's sentence suspension plea: HC asks AIIMS to examine him

**NEW DELHI, Agency:** Delhi high court has asked AIIMS to set up a medical board to examine Jaideep Sengar, who is seeking suspension of a 10-year jail sentence on medical grounds in the 2018 custodial death case of the Unnao rape survivor's father.

Jaideep - brother of expelled BJP functionary Kuldeep Sengar, who was convicted of raping the Unnao girl when she was a minor - sought relief on account of Stage-IV oral cancer with suspected recurrence. A bench of Justices Navin Chawla and Ravinder Dudeja observed that an independent medical assessment was necessary to ascertain Jaideep's current health condition. CBI opposed the petition and contended that the medical documents produced by the convict in support of his plea were fake.

## Centre appoints SC judge as new head of panel probing Manipur ethnic violence



**NEW DELHI, Agency:** The Centre on Thursday appointed former Supreme Court judge Balbir Singh Chauhan as the new chairperson of the commission of inquiry probing the ethnic violence that broke out in Manipur in May 2023. This follows resignation of the incumbent, former chief justice of Gauhati High Court Ajai Lamba.

Justice Chauhan will assume charge on March 1, consequent upon the acceptance of Justice Lamba's resignation with effect from February 28.

"The terms of reference and other conditions of the commission as notified in the principal notification...dated June 4, 2023, as amended from time to time, shall remain unchanged," the home ministry stated in a gazette notification issued on Thursday.

The commission, The ethnic violence had led the Centre to place Manipur under President's rule for almost a year. President's rule was lifted last month and a popular govt installed in the state, with Y Khemchand Singh as chief minister.

## Bangladesh tension leads to 9% fall in foreign tourist arrivals



**NEW DELHI, Agency:** The tension between India and Bangladesh, which resulted in fewer visas by both sides, resulted in an over 9% fall in foreign tourist arrivals to 90.2 lakh in 2025, with the eastern neighbour slipping from the second largest source to being the fifth biggest.Latest official data estimated tourist arrivals from Bangladesh at 4.7 lakh in 2025, 73% lower than the level in the previous year. The 12.8 lakh decline was more than the 9.3 lakh fall in the overall foreign tourist arrivals during the year.

Travel industry insiders are not exactly moaning about this decline as they always questioned adding Bangladesh arrivals into FTA numbers as majority of them come for non-tourism purposes such as medical treatment and work and don't exactly fill up hotels and line up at tourist spots. On the other hand, the number of Indians going abroad rose 6.6% to a record 3.3 crore in 2025, although there was a dip in those going to Saudi Arabia and the US. Last year, the number of Indians flying to Canada also declined nearly 16% to 8 lakh.

"India is outpricing itself in terms of star hotel rates despite reasonable domestic airfares in non-peak seasons. So, the Indian middle class now finds it cheaper to go to places like the UAE, CIS countries, Sri Lanka, Thailand, Vietnam and Malaysia than going to domestic destinations such as Goa or Kerala. And foreign tourists find a cheaper alternative to us," said a leading travel agent. Many frequent Indian travellers say they get "good" hotel rooms for Rs 5,000-8,000 in these places while the same in India is at least double in low season and can increase manifold in peak holiday time.

## 'They will be forced to accept defeat': Army commander warns Pakistan's nuclear rhetoric won't save it next time



**NEW DELHI, Agency:** The Indian Army is fully prepared for future contingencies and will not be deterred by Pakistan's nuclear threats, Western Army Commander Lt Gen Manoj Kumar Katiyar said on Thursday. He warned Pakistan that any future conflict would end with a decisive outcome on the ground.

Addressing troops after an investiture ceremony at Dhyan Singh Stadium in Mamoon Military Station, Lt Gen Katiyar said Pakistan had sought a ceasefire during Operation Sindoor while simultaneously issuing nuclear threats. "They said if they go down, they will take half the world with them. We ignored those threats then, and we are even better prepared now, with a clear plan for the future," he was quoted as saying by news agency PTI.

Calling out Pakistan's military leadership ofor sustaining a "war-like situation" to remain relevant at home, the commander said India's leadership was focused on national development, while Pakistan's generals were driven by the need to retain power. He said Pakistan lacked the courage and capability for open combat and instead relied on proxy warfare to provoke escalation.

"Pakistan repeatedly uses terrorist outfits to provoke India so that when we retaliate, it can project a war-like situation and rally domestic support," he said, adding that Islamabad had misled its own people with a false narrative of victory and media propaganda. "This time, we will not give them that opportunity," he added. Lt Gen Katiyar stressed that future operations would go beyond targeting bases and posts. "Our victory will be on the ground and so decisive that they will be forced to accept defeat before the world," he said. Underscoring the role of Western Command formations, he told troops their preparedness would be critical in any future action. "You must be ready to enter enemy territory, seize key areas and inflict damage, while also protecting Jammu and Punjab," he said, adding that the nation's expectations demanded peak operational readiness. He said India's preparedness should serve as a strong deterrent. "Our readiness must make the enemy think ten times before any misadventure," he said.

## India's standing diminished, says Congress on Modi's Knesset address



**NEW DELHI, Agency:** Congress Thursday said PM Modi's address to the Knesset was an "unabashed defence of his host" Benjamin Netanyahu, adding it has diminished India's moral standing. The party released a letter by Jawaharlal Nehru to Albert Einstein, in which the first PM termed the rights of Arabs as crucial in the context of creation of Israel.

Referring to Modi's statement that India had recognised Israel on the day of his birth, Congress spokesman Jairam Ramesh said Einstein wrote to Nehru on June 13, 1947, on the subject of creation of Israel, and the latter replied on July 11. He posted Nehru's letter on X.

Nehru wrote, "I confess that while I have a very great deal of sympathy for the Jews, I feel sympathy for the Arabs also in their predicament."

**Congress attack reflects Rahul's frustration: BJP:** BJP Thursday hit back at Congress over its criticism of PM Modi's Israel address, saying the attack reflected frustration over Rahul Gandhi's fading prime ministerial prospects. BJP spokesman Sambit Patra highlighted Modi's standing ovation at the Knesset and the Speaker's Medal honour, while alleging Congress was attempting to tarnish India's image through stirs, campaigns.

## Railways to hire Agniveers and ex-servicemen, signs pact with Army



**NEW DELHI, Agency:** In a move towards strengthening civil-military collaboration, the railways and the Army have formalised a framework of cooperation to expand post-retirement employment opportunities for Agniveers and Army personnel. Railways said it will recruit over 5,000 ex-servicemen as pointsmen on contract basis to fill vacancies quickly.

The initiative is designed to ensure a smoother shift from military to civilian careers and to increase awareness about job prospects within the railways. This will also create a dedicated support system to assist retiring personnel, the railways said.

This collaborative framework underscores a shared commitment to providing veterans with meaningful second-career pathways while supporting broader national development goals.

In an official release, the railways said that to provide employment avenues for ex-servicemen and ex-Agniveers, 10% horizontal reservation in level-2 and above posts, and 20% in level-1 posts has been provisioned for ex-servicemen.

## 'Living in la-la land': India slams Pakistan's 'incessant propaganda' at UN





**New Delhi, Agency:** India on Thursday slammed Pakistan at the UN Human Rights Council, saying Islamabad must be "hallucinating" or living in "La-La land" if the nation finds it hard to believe that Jammu and Kashmir's development budget is more than double the recent bailout package it sought from the IMF.

India also rejected allegations made by Pakistan and the Organisation of Islamic Cooperation (OIC), stating that the group had itself allowed to be used as an "echo chamber" for one member state, further adding that Islamabad's "incessant propaganda reeks of envy."

"India is compelled to exercise its right of reply in response to the references made during the high-level segment by Pakistan and the OIC. We categorically reject these allegations," first secretary Anupama Singh said, exercising India's Right to Reply during the High-Level Segment of the 55th Regular Session of the UN Human Rights Council in Geneva.

"We have no desire to dignify it, but we will make a few points to dismantle it with facts," she added.

Reiterating New Delhi's long-standing position, Singh asserted that "Jammu and Kashmir was, is, and will always remain an integral and inalienable part of India."

"Jammu and Kashmir was, is, and will always remain an integral and inalienable part of India. No amount of wishful rhetoric or audacious propaganda by Pakistan can alter the immutable fact that the accession of Jammu and Kashmir to India was completely legal and irrevocable, in accordance with the Indian Independence Act of 1947 and international law," Singh said.

# In Rajasthan, the Aravallis can't be simply measured



**Jaipur, Agency:** He range has shaped everything - from livelihoods to culture, faith and language - for the many communities and tribes it has cradled. Even as controversy over an official definition has led Supreme Court to seek a review, voices on the ground say the Aravallis' imprint far exceeds physical dimensions

What are the Aravallis? An answer to this seemingly straightforward question was stayed by Supreme Court last Dec after it sparked a public outcry for being too narrow in scope. The top court now wants a new yardstick to define the range, which stretches 600km across four states and, at close to 2 billion years old, represents India's oldest fold mountains. But talk to people on the ground in Rajasthan, the state synonymous with the Aravallis, and it becomes evident that the measure of these mountains lies not so much in their height, but in how deeply they have shaped the lives of the people who call the landscape home.

The now-shelved definition - involving a 100m elevation cutoff and proximity of 500m between hills for demarcating the range - had inspired fears that a significant portion of the Aravallis would be stripped of environmental protections. For people who live in its folds, the stakes are immediate: if the map shrinks, so do forests, grazing commons, water systems, sacred groves, and the checks that stand between community life and mining, fragmentation and forced migration.

**Shelter And Sustenance:** "The Aravallis and our communities share a bond that goes back centuries. These mountains are not just geography for us. They are a living god, central to our identity and survival," says Hari Ram Meena, tribal writer and former IPS officer.

The Aravallis are home to some of Rajasthan's oldest communities. The Meena tribe once ruled large parts of the Jaipur region, controlling strategic passes of the Aravallis before the rise of the Kachwaha Rajputs. In southern Rajasthan, Bhil chieftains held sway over vast forested tracts. "The Bhils were known as the 'kings of the forest'. So crucial was their role that the royal coat of arms of Mewar depicts a Rajput warrior on one side and a Bhil warrior on the other," Meena adds.

The mountains also shaped warfare. During Maharana Pratap's resistance against the Mughals, the Aravallis enabled guerrilla tactics and hidden movement based on local knowledge of forests, mountain passes and water sources.

If the hills protect, they also sustain. The Aravallis are Rajasthan's ecological spine. It regulates climate, arrests desertification, feeds rivers like the Banas, Luni and Sabarmati, and helps forests survive in a largely arid landscape. It is also a cultural watershed, separating not just river systems flowing towards the Arabian Sea and the Bay of Bengal, but also shaping traditions, languages and ways of life.